जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 16 | संख्याः 283 | प्रभात | चूरू, रविवार 9 फरवरी, 2025 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## चुनाव प्रचार के बीच में केजरीवाल ने महसूस कर लिया था कि वे हार रहे हैं!

### अतः अपनी ''कॉन्स्टिटुएंसी'' (मूल वोट बैंक) को बांधे रखने के लिये सस्ती लोकप्रियता के लिये कई नई-नई रेवड़ियाँ बांटने का निर्णय लिया। पर, इससे उनका मूल वोटर (मध्यम वर्ग) उनसे और विमुख हो गया। यह मध्यम वर्ग केजरीवाल के साथ खड़ा रहा था, पिछले दो विधानसभा चुनाव में, जबकि संसदीय चुनाव में भाजपा को जीत दिलाई थी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 फरवरी। विशाल संसाधनों से लैस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकर्षण शक्ति और सरकारी मशीनरी की सहायता से भाजपा ने शनिवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बाहर कर दिया, और 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में शानदार वापसी की।

आप के 10 वर्षों के लगातार शासन के खिलाफ इतना जबरदस्त असंतोष था कि उसके कारण पार्टी के सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के कई शीर्ष नेताओं को अपने ही गढ़ों में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस पार्टी के भविष्य पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया, जो 2012 में विशाल भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद लोगों के दिलो -दिमाग पर छा गई थी।

- यह उल्लेखनीय है कि स्वयं केजरीवाल अपनी सीट 4,000 वोटों से हारे और कांग्रेस के उसी सीट पर उम्मीदवार, पूर्व मु.मंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित को 3,880 वोट मिले और इस प्रकार उन्होंने 12 साल बाद अपनी मां की हार का बदला लिया।
- आप वो दस सीटें जीती, जहाँ मुस्लिम मतदाता निर्णायक थे। यानि, दिल्ली की लड़ाई मूलतः भाजपा व आप के बीच ही थी।
- दिल्ली की इस जीत ने यह भी साबित किया कि, ''मोदी का जादू'', जो लोकसभा चुनाव में घटता दिख रहा था, क्योंकि भाजपा उस चुनाव में बहुमत नहीं पा सकी थी, असल में अभी जीवित है तथा पुनः कारगर साबित हुआ।
- निर्मला सीतारमण ने भी बजट में मध्यम वर्ग को राहत देकर, भाजपा व मध्यम वर्ग के संबंधों को और मजबूत किया।
- आप के वरिष्ठ महारथी, केजरीवाल सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज व सत्येन्द्र जैन भी चुनाव हारे।

दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल, नई दिल्ली सीट पर लगभग 4000 वोटों से हार गए, और कांग्रेस के उम्मीदवार संदीप दीक्षित, जो दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे हैं, ने लगभग 3880 वोट हासिल किए। इस प्रकार, बेटे ने अपनी मां की हार का बदला 12 साल बाद लिया।

राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा का दिल्ली सरकार के खिलाफ जोरदार प्रचार अभियान, जो कथित रुप से केन्द्र सरकार द्वारा ई.डी. और अन्य एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से बनाया गया था, ने राष्ट्रीय राजधानी में चुनावों का ध्रुवीकरण कर दिया, जिसमें, कांग्रेस पूरी तरह से मैदान से बाहर हो गई। यहाँ तक कि आप ने उन क्षेत्रों में 10 सीटें जीतीं, जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक थे, जो यह स्पष्ट रुप से दर्शाता है कि यह मुकाबला भाजपा और आप के बीच था, जिसमें आप अपने गढ़ की रक्षा करते हुए रक्षात्मक मुद्रा में थी।

मुस्लिम मतदाताओं ने भाजपा को हराने के लिए आप को भारी समर्थन दिया, और इस प्रक्रिया में कांग्रेस बाहर हो गई।

भाजपा ने 48 सीटें जीतीं, जबकि आप 22 सीटों पर विजयी रही और अन्य पार्टियां खाता भी नहीं खोल पाईं।

राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की बड़ी जीत से पीएम मोदी को भी नई ताकत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भजनलाल की दिल्ली में जनसभाओं वाली सीटों पर भाजपा जीती

प्रयागराज, 8 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर कहा कि लूट और झूठ वाले आप-'दा' की दिल्लीवासियों ने विदाई कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार दिल्ली का विकास करेगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया था। इन सीटों में रिठाला से कुलवंत राणा ने 29616 वोटों से जीत दर्ज की है। शालीमार बाग से रेखा गुप्ता 29595 वोटों से जीती है। शकूरबस्ती से करनेल सिंह 20998 वोटों से जीते है। त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता को 15896 वोटों से जीत मिली है। मोतीनगर से हरीश खुराना 11657 वोटों के मार्जिन से जीते है। गांधीनगर से अरविंदर सिंह लवली का जीत का मार्जिन 12748 वोटों का रहा है। कृष्णा नगर से डॉ. अनिल गोयल 19498 वोटों से जीते है। रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता 37816 वोटों से जीते है, वहीं द्वारका से प्रद्युम्नन सिंह राजपूत ने 7829 वोटों से जीत दर्ज की है। तिमारपुर से सूर्यप्रकाश खत्री

- मुख्यमंत्री ने 11 सीटों पर प्रचार किया था, सभी पर भाजपा उम्मीदवार जीते।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस ने ग्यारह सीटों पर आप को हार दिलाई

### क्या, आप-कांग्रेस गठबंधन, केजरीवाल की सरकार को बचाने में कामयाब होता?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 फरवरी। आम आदमी पार्टी की हार के साथ ही उसका दिल्ली में 10 साल तक चला शासन आज समाप्त हो गया तथा भाजपा, 27 साल के अन्तराल के बाद, सत्ता में वापस आ गई।

पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तथा मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सोमनाथ भारती, सत्येन्द्र जैन जैसे वरिष्ठ मंत्री तथा आप के अन्य कई वरिष्ठ नेता एवं मंत्री चुनाव हार गये।

निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी को हराकर, चुनाव जीत गईं। आम आदमी पार्टी से जीतने वाली वे एकमात्र महिला प्रत्याशी हैं।

भाजपा से 4 महिला प्रत्याशी चुनाव जीती हैं।

भाजपा ने 70 सदस्यों वाले सदन की 48 सीटें जीतीं, जबकि आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर रूक गई। त्रिकोणीय राजनैतिक लड़ाई की तीसरी पार्टी इस बार भी, लगातार तीसरी बार, कोई सीट नहीं जीत पाई।

रोचक बात यह है कि भाजपा को 45 प्रतिशत वोट, आम आदमी पार्टी को 43 प्रतिशत वोट मिले। कांग्रेस को मात्र 6 प्रतिशत वोट ही मिले, जो पिछले

- रोचक बात यह है कि भाजपा को 45 प्रतिशत वोट मिले, आम आदमी पार्टी को 43 प्रतिशत तथा कांग्रेस को 6 प्रतिशत, पिछली बार से दो प्रतिशत ज्यादा।
- अब तो इतनी कटु भावनाएं व क्रोध दोनों ओर हैं, पर, एक बार गठबंधन व सीट शेयरिंग की बात लगभग तय सी हो गई थी। पर, अंत में बात इसलिये टूटी कि, आप ने तीखी टिप्पणी की कि कांग्रेस एक ''स्पैन्ट फोर्स'' (ठंडी हुई आग है) तथा कांग्रेस को साथ लेने से वाटों में कुछ भी इज़ाफा नहीं होगा।
- केजरीवाल व उनके साथियों का यह आंकलन गलत था, जैसा कि ''रिज़ल्ट'' ने बताया।

चुनाव से 2 प्रतिशत अधिक है।

प्रथम विश्लेषण के आधार पर कांग्रेस ने ग्यारह सीटों पर आम आदमी पार्टी की स्थिति खराब की। क्या, कांग्रेस-आप गठबन्धन केजरीवाल सरकार को बचाने में मदद कर सकता था। परस्पर दुर्भाव एवं शत्रुता जैसी स्थिति के बावजूद, दोनों पार्टियों के मिलकर चुनाव लड़ने तथा सीट शेयरिंग की दिशा में कोशिशें तो हुई थीं, लेकिन आम आदमी पार्टी का यह सोच बिल्कुल स्पष्ट था कि कांग्रेस दिल्ली में "स्पैन्ट फोर्स" (ठंडी हो चुकी आग) है तथा वोटों के मामले में वह उसकी (आप) कोई मदद नहीं कर सकती।

केजरीवाल एंड कम्पनी को अब अहसास हो गया है कि उनका आकलन गलत था।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रवेश वर्मा से चुनाव हार गये। दोनों को मिले वोटों में 4,089 का अन्तर रहा।

पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र तथा कांग्रेस प्रत्याशी सन्दीप दीक्षित को मात्र 4,568 वोट मिले तथा वे, बहुत बड़े अन्तराल के साथ, तीसरे नम्बर पर रहे। इस प्रकार, अगर आप और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा होता, तो ऐसी सम्भावना थी कि, भले ही मामूली वोटों के अन्तर से ही सही, केजरीवाल जीत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ममता बनर्जी को समझ नहीं आ रहा, भाजपा की जीत पर खुश हों या दु:खी?

### खुशी की बात तो यह है कि गैर-भाजपा गठबंधन का नेतृत्व संभालने में उनके मुख्य मुखर प्रतिद्वंदी केजरीवाल का सूरज अब डूब गया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 फरवरी। दिल्ली चुनावों में भाजपा की शानदार जीत ने बंगाल में एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में जहाँ भाजपा में भारी उत्साह पैदा हुआ है, वहीं, सक्रिय राजनीति के मैदान से आम आदमी पार्टी चीफ, अरविंद केजरीवाल का बाहर होना तथा चुनावों में कांग्रेस के विनाश ने ममता बनर्जी को प्रमुख स्थिति में खड़ा कर दिया है।

ममता बनर्जी लगातार भाजपा जैसी महाशक्ति को आगे बढ़ने से रोकने की अपनी क्षमता का ढिंढोरा पीटती रही हैं। उनकी इस क्षमता को अरविंद केजरीवाल ने अक्सर सार्वजनिक रुप से यह कहकर चुनौती दी थी कि विपक्ष को दबाने वाली भाजपा को रोकने की शक्ति उनमें केजरीवाल ही है। अब पार्टी के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत हार के बाद, भाजपा को टक्कर देने वाली अकेली ममता ही बचती हैं।

- इस घटनाक्रम के बाद, ममता बनर्जी अपने आप को ''पोल पोज़िशन'' (अतिसुदृढ़ स्थिति) में महसूस कर रही हैं।
- पर, ममता बनर्जी यह भी जानती हैं कि केजरीवाल के जाने का प्रमुख कारण था, स्कैम, शराब काण्ड व शीश महल स्कैम। इस तरह के स्कैम तो बंगाल में कई हैं। अतः अगर दिल्ली में स्कैम केजरीवाल को ले बैठे तो ऐसा बंगाल में भी कभी भी हो सकता है।
- और अब तो स्थिति और विकट हो गई है, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता का मनोबल आसमान छू रहा है, बंगाल में।

इसके साथ ही, ममता की चिंता का कारण, कांग्रेस के उत्तराधिकारी, राहुल तथा प्रियंका गांधी भी भाजपा के लिए घातक साबित नहीं हो पाए हैं। एक बार फिर उनकी प्रासंगिकता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। कांग्रेस पार्टी को अब किसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अदालत के आदेश के बाद भी सेवा में नहीं रखने पर अवमानना के नोटिस जारी

जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद चिकित्सा विभाग की महिला प्रोफेसर को साठ साल की उम्र के बाद सेवा में नहीं रखने पर प्रमुख चिकित्सा शिक्षा सचिव, उप निदेशक रवि शंकर और प्रिंसिपल अंजली कपूर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

- दंत चिकित्सा की प्रोफेसर को 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त कर दिया। हाई कोर्ट ने 65 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु के नियम के आधार पर पद पर बनाये रखने के आदेश दिये थे।

जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश डॉ. सीमा चौधरी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता शालिनी श्योराण ने अदालत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कौन बनेगा दिल्ली का नया मु.मंत्री?

### वैसे तो भाजपा के पांच महारथियों के नाम चर्चा में हैं, पर, क्या भाजपा कोई एकदम नया नाम देकर, फिर सबको चौंकायेगी?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 फरवरी। भाजपा, विधानसभा चुनावों के लिये सीएम फेस की घोषणा न करने की परम्परा का निर्वहन करते हुए, अपनी इस मान्यता पर कायम रही है कि मुख्यमंत्री का निर्णय चुनाव परिणामों के बाद ही लिया जायेगा।

राष्ट्रीय राजधानी में 26 साल तक सत्ता से दूर रहने के बाद, भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की सत्ता फिर से संभालने की स्थिति में आ गई है, क्योंकि शनिवार को घोषित हुये चुनाव परिणाम के ट्रैंड ने सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) की हार के संकेत दे दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको विश्वास की विजय बताया है, वहीं अरविन्द केजरीवाल ने आप की पराजय स्वीकार कर ली है। दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में जश्न शुरु हो गया है।

- पहला नाम दिल्ली के पूर्व मु.मंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा का है, जिन्होंने केजरीवाल को 4,000 मतों से हराया है। इससे पूर्व प्रवेश वर्मा गत दो बार लगातार वेस्ट दिल्ली से सांसद निर्वाचित होते आये हैं।
- दूसरे महारथी विजेन्द्र गुप्ता, विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं तथा तीसरी बार 37,000 वोटों से अपनी रोहणी सीट से जीते हैं। गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं तथा विद्यार्थी जीवन से भाजपा की युवा राजनीति में सक्रिय हैं।
- तीसरा प्रमुख नाम ईस्ट दिल्ली से सांसद मनोज तिवाड़ी का है। हालाँकि, वे इस बार विधानसभा चुनाव नहीं लड़े हैं। वे विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख स्थानीय वक्ता थे। परन्तु, उनका ''प्रोफाइल'' व पूर्वांचलवासियों पर मजबूत पकड़, भाजपा के लिये, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी काफी मददगार साबित हो सकती है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, "अरविन्द केजरीवाल और आप खत्म, टाटा-बाय बाय।" उन्होंने कहा कि यह जीत दिल्ली के विकास के लिए मोदी की जीत है। यह मोदी की गांरटी और दिल्ली के कार्यकर्ताओं की जीत है। जहाँ वोटों की गणना और मिलान का काम अभी चल रहा है, वहीं भगवा पार्टी के दिल्ली कार्यालय में खुशियाँ मनाई जा रही हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेव, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा तथा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पन्डा सहित, दिल्ली के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रारम्भिक मीटिंग के लिये पार्टी कार्यालय में इकट्ठे हो गये हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 की मतगणना में एक जबरदस्त प्रतिस्पर्धी राजनैतिक परिदृश्य सामने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## विचार बिन्दु

मनुष्य का कत्तर्व्य है कि वह उदार बनने से पहले त्यागी बने। –डिकेंस

# वसंत में वनानुभव

एकाग्र मन से ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों का प्रयोग कर वनों की समग्रता का अनुभव (देखना, सुनना, सूंघना, स्पर्श करना, स्वाद लेना) वनानुभव कहलाता है! चरकसंहिता में वसंत की आरोग्यदायी ऋतुचर्या का वर्णन करते समय भगवान आत्रेय ने वसंत में वनानुभव का महत्त्व स्पष्ट किया है (च.सू.6.22-26, अंश ): वसन्तेऽनुभवेत्काननानांयौवनम्।। तात्पर्य यह है कि उद्यानों एवं वनों में घूमना, पैदल चलना, पुष्पित -पल्लवित वनों का अनुभव लेना चाहिए। प्रकृति-अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर-औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2023 के प्रारंभ में आज तक प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3, 26-30, च.चि.4.106-109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रितजुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक 'द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर' – 'अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव' वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेलकपलान और स्टेफेनकपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण-आधारित लेखा-जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस विषय में अद्यतन स्थिति को 832 अध्ययनों के आधार पर की गई 16 मेटा-एनालिसिस को मिलाकर की गई एक भारी मेटा-एनालिसिस विश्व में अब तक का श्रेष्ठ प्रमाण भी यही निष्कर्ष देती है (देखें, सी. बरगन-जैसन इत्यादि, बायोलॉजिकल कंसर्वेशन, 277, 109842, 2023)। वर्ष 2022 में 8 मेटा-एनालिसिसअतिरक्त प्रमाण प्रदान करती हैं कि वनानुभव शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करता है। बच्चों के कल्याण के लिए भी वनानुभव व प्रकृति-अनुभव आवश्यक हैं (देखें, टी. अरोला इत्यादि, जर्नलऑफ़एनवायर्नमेंटलसाइकोलॉजी, 85,101913, 2023)।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति-अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छी निद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव-चिकित्सा (वनों में घूम-फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे-जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे-वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएलकोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉजमोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटलरिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

**वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है।**

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआजर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन मेंविश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजसरुएडा आदि, द लैंसेटप्लेनेटरी हेल्थ, 3,11:ई469-ई477,2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर 1.19 करोड़ (11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंसऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा-एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1):337-361, 2022)। एक अन्य मेटा-एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर-औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्दकंट्रोल्डट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन-आधारित गैर-औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकड़ों को लेकर की गई मेटा-एनालिसिस सिद्ध करती है कि ठीन-स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513,2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# शिक्षा पर अल्प बजट से नहीं बन पाएगा विकसित भारत, जरूरी है शिक्षा पर जीडीपी का 6 प्रतिशत व्यय



प्रो. रमेश बैरवा

केंद्रीय वित्तमंत्री डॉ. निर्मला सीतारमन ने समावेशी, विकसित भारत के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया है। यह बजट ऐसे हालातों में पेश किया है जब भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था तो बन गया है लेकिन मानव विकास सूचकांक में 134वें पायदान पर है। साथ ही केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा कम रखने के नीतिगत दबाव में सीमित व्यय करने के दुष्चक्र में फंसी हुई है। पूर्व की तरह इस बार भी एक बार फिर सभी के लिए अफोर्डेबल क्वालिटी एजुकेशन का वादा किया है। लेकिन शिक्षा पर बजट बहुत ही कम रखा गया है जो कि निराशाजनक है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5065345 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया है। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित जीडीपी 35697923 करोड़ रुपए का 14.18 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट खर्च 4820512 करोड़ रुपए था जो कि जीडीपी का 14.87 प्रतिशत था। जीडीपी की दृष्टि से गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष का बजट 0.69 प्रतिशत कम रखा है।

यह तो तब है जब गत वर्ष के अनुमानित बजट 4820512 करोड़ रुपए में से 4716487 करोड़ रुपए ही व्यय कर 104025 करोड़ रुपए बचा ले रहे हैं। इस बची राशि को जोड़कर देखा जाए तो गत वर्ष की तुलना में इस बजट में असली बढ़ोतरी सिर्फ 140808 करोड़ रुपए की ही है। हालांकि प्रथम दृष्टया यह वृद्धि 2,44,833 करोड़ रुपए के साथ 5 प्रतिशत की दिखती है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिक्षा पर अनुमानित व्यय 125638 करोड़ रुपए था जोकि जीडीपी का 0.38 प्रतिशत था। इस बार के बजट में शिक्षा पर अनुमानित बजट 128650 करोड़ रुपए रखा है जो कि जीडीपी का 0.36 प्रतिशत है। इस प्रकार जीडीपी व्यय की दृष्टि से वृद्धि के बजाय शिक्षा पर 0.02 की कमी की गई है। शिक्षा पर गत वर्ष के बजट 125638 करोड़ रुपए में से सिर्फ 114054 करोड़ रुपए खर्च कर 11584 करोड़ रुपए बचा लिए। पीएम श्री योजना के 6050 करोड़ में से 4500 करोड़ खर्च कर 1550 करोड़ रुपए बचा लिए गए है। इस वर्ष के लिए इस मद में 7500 करोड़ रुपए का अनुमानित व्यय रखा है। पीएम ऊषा जिसे पूर्व में रुसा के नाम से जाना जाता था के गत वर्ष के बजट 1815 करोड़ रुपए में से 895 खर्च कर 920 करोड़ रुपए बचा लिए और इस वर्ष के लिए फिर से वही 1815 करोड़ रुपए का बजट रखा है।

अनुसूचित जाति के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप हेतु गत वर्ष के 6360 करोड़ रुपए के बजट में से 5500 व्यय किए जा रहे हैं जिससे 860 करोड़ रुपए की बचत होगी। फिर से इस मद में राशि वही 6360 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

पीएम उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 1558 करोड़ रुपए का बजट रखा था जिसमें से सिर्फ 1000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, 558 करोड़ रुपए बचा कर गत वर्ष की बजट राशि में सिर्फ दो करोड़ रुपए और बढ़कर इसे 1560 रुपए किया गया है। नई आईटीआई अध्ययन योजना के 1000 करोड़ रुपए में से सिर्फ 294 रुपए खर्च किए हैं जिससे 706 करोड़ रुपए बचा लिए गए हैं। खेलो इंडिया के 900 करोड़ के बजट में से 800 करोड़ रुपए व्यय किए हैं और 100 करोड़ रुपए बचा लिए। कौशल भारत कार्यक्रम के लिए 2686 करोड़ रुपए में से 2318 करोड़ रुपए खर्च कर 532 करोड़ की बचत की गई है। राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के 1150 करोड़ रुपए में से सिर्फ और सिर्फ 109 करोड़ रुपए ही खर्च किए हैं जिससे 1041 करोड़ रुपए की बचत होगी। गत वर्ष के बजट 1150 की तुलना में अब इसे बढ़ाकर 1250 करोड़ रुपए किया गया है।

इससे स्पष्ट है कि इस बजट में भी शिक्षा पर बहुत अल्प व्यय का प्रावधान है। जीडीपी की दृष्टि से शिक्षा सहित कुल बजट में वास्तविक कमी किए जाने से समावेशी शिक्षा का, समावेशी विकास का, विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना बहुत मुश्किल होगा। अतः केंद्र सरकार को पुनर्विचार कर शिक्षा पर बजट अच्छे से बढ़ाना चाहिए ताकि हम बहुत जल्द जीडीपी का शिक्षा पर 6 प्रतिशत व्यय कर सभी के लिए अफोर्डेबल क्वालिटी एजुकेशन के राष्ट्रीय लक्ष्य की और तेजी से अग्रसर हो सके, सही मायने में भारत को विकसित बना सके।

**–डॉ. रमेश बैरवा,**
**प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान एवं प्रदेश संयोजक, राजस्थान विवि. एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक**

# लड़कियां किसी से कम नहीं है और वर्तमान में बच्चियां ज्यादा आगे बढ़ रही हैं : बागड़े

## राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने तेजास्थली मूण्डवा (नागौर) का दौरा किया

■ वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल, ऑडिटोरियम व हॉस्टल का लोकार्पण किया

**नागौर,** (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े शनिवार को मारवाड़ मूण्डवा स्थित वीर तेजा महिला शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में तेजास्थली पहुंचे। हैलीपेड पर राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने बागड़े का अभिनंदन किया। राज्यपाल बागड़े के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यिमता (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी भी आए।

राज्यपाल बागड़े ने पूनम कुलरिया व धर्म कुलरिया द्वारा नवनिर्मित संत दुलाराम कुलरिया व संत पदमाराम कुलरिया आडिटोरियम तथा सुरेश राठी द्वारा नवनिर्मित आयचुकी देवी गंगाराम राठी हॉस्टल भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही माधव दास मोदी द्वारा बीपीएड कॉलेज के भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। राज्यपाल बागड़े ने वीर तेजा महिला शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उन्होंने अपने सम्बोधन में लोक देवता वीर तेजाजी को याद करते हुए महिला शिक्षा को समर्पित संस्थान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लगा कि बिना किसी लाभ के यह संस्थान





राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

संचालित हो रहा है, यहां हर जाति-धर्म की बालिकाएं यहां शिक्षा प्राप्त कर रही है।

बागड़े ने कहा कि लड़किया किसी से कम नहीं है और वर्तमान में बच्चियां ज्यादा आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अच्छा अभ्यास करें, इसी की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि जिसके पास कौशल होगा, उसे रोजगार मिल जाएगा, इसलिए भारत सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है। हमारे हाथ में हाथ में कला है तो सफल होंगे। बच्चों से कहा कि शारीरिक शक्ति बढ़ाओ, इतनी बढ़ाओ कि दूसरों को डर लगना चाहिए। अपना कौशल और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाला ही आगे जाएगा। इस पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान मेरे लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। चौधरी ने कहा कि राजस्थान की धरती में कुछ खास है, सीमित संसाधनों में मेहनत करके आगे बढ़ रहे हो। यहां एक दूसरे के सहयोग की भावना है। यही भारतीयता है, राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि भारत का कामगार दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इसलिए कौशल विकास के क्षेत्र में भारत सरकार काम कर रही है। उन्होंने नागौरी पान मैथी का जिक्र करते हुए कहा कि फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं।

संस्थान के संरक्षक व राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि बागड़े जी ने महाराष्ट्र में डेयरी सहकारिता आंदोलन में महत्ती भूमिका निभाई जिससे हम भी सीखें सकते हैं। उन्होंने स्वर्गीय भवरसिंह डांगावास को याद करते हुए उनके विज़न की सराहना की साथ ही बालिका शिक्षा में योगदान के लिए भामाशाहों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सिंह डांगावास, सचिव सुखराम फिड़ौदा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामाकिशन झिंझा, सदस्य जस्साराम धोलिया, पुखराज धोलिया, रामनिवास कापड़ी, खींवराज कापड़ी, भंवराराम सियाक, गेनाराम बिडियासर, दौलतराम गोदारा, भंवराराम चोयल, सीताराम ताड़ा, प्रकाश भंवरिया, प्रशासक ऊषा चौधरी, निदेशक शीला दत्ता, कार्यकारणी सदस्य, जिला स्तरीय अधिकारी, संस्थान प्रबंधन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारत-पाक बॉर्डर पर ड्रोन एक्टिविटी बढ़ेगी

## बीएसएफ पश्चिमी कमान के स्पेशल डीजी बीकानेर पहुंचे

■ बीएसएफ के स्पेशल डीजी सतीश एस खंडारे सीमाओं की सुरक्षा का जायजा लेंगे और सीमाओं पर तैनात जवानों से रूबरू होंगे

**बीकानेर,** (निसं)। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के स्पेशल डीजी सतीश एस खंडारे देर रात बीकानेर पहुंचे। चंडीगढ़ मुख्यालय से बीकानेर आए खंडारे यहां सीमा पर पाकिस्तानी तस्करों की ओर से होने वाली ड्रोन एक्टिविटी पर जवानों के साथ संवाद करेंगे। बीएसएफ ने ड्रोन एक्टिविटी पर सख्ती और बढ़ाने की तैयारी की है।


जानकारी के अनुसार बीएसएफ के स्पेशल डीजी सतीश एस खंडारे देर रात बीकानेर स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान आईजी एम एल गर्ग और फ्रंटियर हेडक्वार्टर जोधपुर के डीआईजी इंटेलिजेंस विदुर भारद्वाज भी उनके साथ रहे। बीकानेर पहुंचने पर बीएसएफ डीआईजी अजय लूथरा, कमांडेंट नवीन मोहन शर्मा, डिप्टी कमांडेंट इंटेलिजेंस महेश चंद जाट ने उनकी अगवानी की।

अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान खंडारे सीमाओं की सुरक्षा का जायजा लेंगे और सीमाओं पर तैनात जवानों से रूबरू होंगे। भारत पाकिस्तान की बीकानेर से सटी सीमा पर वो किसी पोस्ट पर पहुंचकर जवानों के साथ संवाद भी कर सकते हैं। इस दौरे के दौरान वो सीमावर्ती क्षेत्र में वर्तमान में बढ़ती हुई ड्रोन गतिविधियों और ड्रोन के माध्यम से होने वाली ड्रग तस्करी की घटनाओं के बारे में जानकारी लेंगे। ड्रोन के माध्यम से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए दिशा निर्देश भी जारी करेंगे। पिछले कुछ सालों में पंजाब के बजाय राजस्थान से सटी सीमा पर ड्रोन से तस्करी के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। ऐसे में बीएसएफ इसको लेकर सख्ती बरत रहा है। एंटी ड्रोन डिवाइस पर भी बीएसएफ काम कर रही है।

# आरोग्य मेले का भ्रमण किया

**धौलपुर,** (निसं)। जिले के संभागीय स्तरीय आरोग्य मेले का आगाज़ मेला ग्राउंड में 7 फरवरी से हुआ है जो कि 10 फरवरी तक चलेगा। आरोग्य मेले के दूसरे दिन शनिवार को स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु जनसामान्य ने भारी रुचि दिखाई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ मेले के भ्रमण हेतु पहुंचे। उन्होंने जनमानस से परंपरागत आयुष चिकित्सा पद्धितयों का लाभ लेने की अपील की। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचगांव की छात्राओं ने भी यहां पहुंचकर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक के चिकित्सा साथ-साथ अन्य विधा जैसे पंचकर्म, अग्निकर्म, प्रकृति परीक्षण आदि के बारे में लाभ प्राप्त किया। अति. निदेशक आयुर्वेद सतीश लावनिया ने छात्राओं को मेले का भ्रमण कराया।

## राशिफल रविवार 9 फरवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र सायं 5:53 तक, विष्कुम्भ योग दिन 12:07 तक, बव करण प्रातः 7:51 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

त्रिपुष्कर योग सायं 5:53 से रात्रि 7:56 तक है। आज भीष्म द्वादशी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:34 से 9:56 तक, लाभ-अमृत 9:56 से 12:41 तक, शुभ 2:03 से 3:26 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 6:10



**मेष**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। आज अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।




**वृष**
आज आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**सिंह**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। आज अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध बनेंगे।




**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**तुला**
व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।



**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आज नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। आज महत्वपूर्ण के संबंध में उचित सोच-विचार होगा।



**मीन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आज अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण प्रयासों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

## संक्षिप्त

### चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधी

**बीदासर ।** अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के आ ान पर शनिवार को राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सकों ने बाड़मेर जिले के सेड़वा में कार्यरत चिकित्सक डाक्टर रामस्वरूप रावत को ड्यूटी के समय सेड़वा क्षेत्र के उपखंड अधिकारी द्वारा बेवजह धमकाने व उनके कार्य में बाधा डालने, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के विरोध में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर दो घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग गई, तथा रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों के कमरे में चिकित्सक नही मिलने से रोगी इधर उधर भटकते नजर आए। घटना के विरोध में सीएचसी प्रभारी डाक्टर राजेंद्र घोशल्या, वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी डाक्टर लोकेश शर्मा, डाक्टर नितेश, प्रियंका चैधरी, सलामू खां, सुरेश ने काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार किया।

### मनाया विदाई समारोह

**पाटन ।** ग्राम पंचायत डोकन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतोडा जोड़ा में आज भामाशाह एवं विदाई समारोह सरपंच प्रतिनिधि बलराम गिराटी की अध्यक्षता में मनाया गया।मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर बजरंग दास महाराज मीठाराम धाम रहे। कार्यक्रम में भामाशाह दिनेश पोसवाल, पाटन उप प्रधान प्रतिनिधि राजू कसाना, रामनिवास सैनी ,श्रीराम मुनीम, रोहिताश पायला, उमराव डोई,दीपचंद वर्मा , रामावतार वर्मा,छाजू पोसवाल ,कृष्ण पंच, प्रधानाचार्य नवीन टांक, पप्पू यादव उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक आनन्द सिंह भाटी ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।मंच का संचालन श्रवण खारड़िया ने किया। विधालय के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां देकर आगंतुकों का मन मोह लिया।

### दो बच्चियों को मुक्त करवाया

**सीकर ।** मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन (बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा शनिवार को खाटूश्यामजी से 2 बच्चियों को भिक्षावृति को मुक्त करवाया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के अस्थाई पुनर्वास के लिए उन्हें सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रवेश दिलाया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल बच्चों को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने की दिशा में सहायक है, बल्कि भिक्षावृत्ति को खत्म करने के प्रति प्रशासन की सख्त प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। टीम में मौजूद हेडकंस्टेबल रेखा , चाईल्ड हेल्प लाइन से काउंसलर राकेश चिरानिया,विनीत वर्मा आदि मौजूद रहें।

### 'सचेत' ऐप प्रारंभ

**सीकर ।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ने कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल आधारित एकीकृत अलर्ट सिस्टम शुरू किया है यह 3 के सिद्धांतों 'अलर्ट, अवेयरनेस, एक्शन' पर आधारित एक जीआईएस आधारित पोर्टल है। आपातकालीन अलर्ट की सूचनाएं सचेत मोबाइल ऐप और पोर्टल (...) के जरिए प्राप्त की जा सकती हैं । हीटवेव , भूकंप और चक्रवात जैसी आपदाओं से बचने के लिए यह ऐप समय पर चेतावनी एसएमएस के जरिए भेजता हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया

**बीदासर ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद कस्बे के पुराना बस स्टेंड पर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया के नेतृत्व में तथा दूसरे स्थान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर व आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। जीत के जश्न में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता दो गुटों में बंटे नजर आएं।

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ डांस किया

दोनों ने अलग-अलग जीत का जश्न मनाया। जिससें कार्यकर्ताओं की फूट खुलकर सामने आई। जीत के जश्न में पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने कहा कि भाजपा ने 27 साल बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में विजय हासिल की। पिछले 11 साल से भ्रष्टाचारी केजरीवाल सरकार की जगह जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया प्रधानमंत्री मोदी के काम के नाम पर वोट दिया।जिससे भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्पतमल बैद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार बैंगानी, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य भंवरसिंह राठौड़, पवन महाराज, याकूब मणिहार, हुकमीचंद सिंघी व दूसरी तरफ भाजपा नगर अध्यक्ष सोनी के साथ भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश दर्जी, पार्षद सांवरमल सैन, दानमल बांठिया, सुरेंद्र सुथार, दयाशंकर जोशी, भागीरथ चौहान, पूसाराम चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहें।



दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपाईयों ने लड्डू बांटे।

## योजना में 12 महीने आवेदन की सुविधा

**सीकर ।** उपनिदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में समठा विकास के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग समूह को लाभांवित किया जा सकें। इसी क्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना (सहयोग एवं उपहार योजना) के तहत विवाह सहायता अनुदान के लिए आवेदन की अवधि अब एक वर्ष तक कर दी गई है। पहले यह सीमा छह माह थी, जिसे लाभार्थियों की सुविधा के लिए बढ़ाया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उप निदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि इस योजना के तहत अब इच्छुक आवेदक विवाह तिथि से एक माह पूर्व या विवाह के एक वर्ष के भीतर आवेदन कर सकते हैं। इससे वे लाभार्थी भी योजना का लाभ उठा सकेंगे, जो पहले आवेदन की समय सीमा समाप्त होने के कारण वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह सहायता अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदकों को विभागीय पोर्टल पर स्वयं या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## स्वीकृत कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश

**चूरू ।** जिला मुख्यालय पर सांसद राहुल कस्वां ने आरडीएसएस योजना के सम्बन्ध में रिव्यू बैठक कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। सांसद ने ढ्राणियों में विद्युत कनेक्शन को लेकर कहा कि पहले से चूरू संसदीय क्षेत्र में 45 हजार से अधिक ढ्राणियां वंचित हैं और नये सर्वे में यह संख्या 65 हजार के लगभग हो जायेगी। अतः ढ्राणियों में विद्युत कनेक्शन हेतु प्राथमिकता से प्रस्ताव बनाकर केन्द्र सरकार के पास भिजवाया गया है। इस कार्य करीब 400 करोड रू से अधिक की राशि स्वीकृति हेतु प्रयास करेंगे। स्मार्ट मीटरिंग का कार्य अतिशीघ्र शुरू करने सहित घरेलु व खेती की बिजली लाइनों का पृथक्कीकरण कार्य भी जल्द से जल्द किया जाये; ताकि आमजन को उचित विद्युत आपूर्ति मिल सके। साथ ही नये बन रहे फीडर का कार्य जल्द पूरा करते हुए फीडर क्षमता वृध्दि का कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सांसद ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक द्वेषता के साथ बडी-बडी राशि की टारगेटेड वीसीआर भरने का खेल किया जा रहा है। अतः आप अपने विभाग के अधिकारियों को इस कृत्य हेतु पाबंद करें और वीसीआर के नाम पर आमजन को आर्थिक रूप से मारने का काम न किया जाए। विभाग को पहले अपना सिस्टम सुधारने की जरूरत है; बजाय इसके कि आम आदमी की 5-7 लाख रू. और झींगा उत्पादक किसानों की 45-50 लाख रू. की टारगेटेड वीसीआर का भरने की। आरडीएसएस-2 के अंतर्गत जिन नये जीएसएस का निर्माण होना है उनकी सूची तैयार कर भारत सरकार को भिजवाने के लिए कहा है ताकि इनकी स्वीकृति करवाई जा सके।

गत वर्ष जनवरी में हमने विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु बैठक की। इस दौरान स्मार्ट मीटरिंग; खेती व घरेलु लाईनों को अलग करना व नये जीएएस निर्माण व जीएसएस अपठोडेशन सम्बन्धि कुछ इश्यू निकलकर आए। फिर हमने भारत सरकार के ऊर्जा सचिव से मुलाकात कर इन मुद्दों का उनके समक्ष रखा। ऊर्जा सचिव महोदय ने इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को चूरू भेजकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया था।

## पुरानी तहसील रोड पर तीन दुकानों में आग

**चिड़ावा।** शहर में पुरानी तहसील रोड स्थित अनुराग कॉम्पलेक्स के सामने आधी रात को भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई यह आग प्रियंका गारमेंट्स से शुरू होकर शर्मा गारमेंट्स समेत तीन दुकानों तक फैल गई, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। स्थानीय निवासी नरेंद्र वर्मा ने धुआं देखकर भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा को सूचित किया। अशोक ने तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया। फायर ब्रिगेड प्रभारी दीपक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन 15 मिनट तक फायर ब्रिगेड ने काम ही नहीं किया। आग की गंभीरता को देखते हुए पिलानी विद्याविहार नगरपालिका की फायर गाड़ी को भी बुलाया गया। भाजयुमो नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा ने साहस दिखाते हुए जलती दुकानों से सामान निकाला और बैटरी जैसी खतरनाक वस्तुओं को हटाया। दुकानों के मालिक अशोक सूरजगढ़िया और सुरेश शर्मा सहित आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## पानी की पाइप लाइन कम साइज में डालने का विरोध

**खेतड़ी ( निसं ) ।** नानूवाली बावड़ी से सिंघाना सर्किल तक सड़क निर्माण कार्य करने वाली ठेका कंपनी की लापरवाही के चलते गोठड़ा के कई वार्डो में होने वाली पानी की लाइन क्षितठास्त होने से करीब दस दिनों से पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। जिसके चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने पानी की पाईप लाईन को दुरूस्त करवाने की मांग की।

शनिवार को जलदाय विभाग ढाई इंच की पाइप लाइन डालने लगे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर तीन इंच पाइप लाइन डालने की मांग की, जिस पर ठेका कर्मियों ने ग्रामीणों दबाने के लिए धमकी दी। हरिराम गुर्जर व नासीर हुसैन ने बताया कि नानूवाली बावडी से सिंघाना सर्किल तक राष्ट्रीय राजमार्ग 311 सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य कर रही ठेका कंपनी ने करीब दस दिन पूर्व सड़क को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ी थी, जिससे पानी की पाईप लाइन जगह-जगह से टूट जाने से कई वार्डो में पानी की सप्लाई बाधित हो गई। तीन दिन पूर्व क्षितठास्त पाइप लाइन को जोड़ने की मांग की। जलदाय विभाग व सड़क निर्माण कार्य कर रही ठेका कर्मी ढाई इंच के पाइप लेकर आए और डालने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि पहले तीन इंच की पाइप लाइन डाली हुई थी, ढाई इंच की पाइप लाइन डालने से वार्ड नंबर एक वाल्मिकी बस्ती तक पानी की सप्लाई प्रयाप्त मात्रा में नही पहुंच पाती साथ ही जगह-जगह पाइप लाइन पानी के प्रेशर से क्षतिग्रस्त होती है। ग्रामीणों ने तीन इंच की पाइप लाइन डालने की मांग करते हुए ढाई इंच की पाइप लाइन नही डालने दी, जिसके चलते ठेका कर्मचारी ग्रामीणों को धमकी देने लगे की यही पाइप डलगे जिससे आक्रोश में आ गए ओर जलदाय विभाग व ठेका कर्मियों ने पानी के पाइप की गाड़ी को वापस भेज दिया। इस संबंध में ठेका कर्मी कंपनी के हाइवे इंजीनियर कामोद यादव व प्रवेंद्र वेदवान ने जलदाय विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ढाई इंच का पाइप उन्होंने भेजा था, जबकी तीन इंच का पाइप मंगवाया गया था। ढाई इंच के पाइप को वापस भेज दिया, तीन इंच पाइप ही डाला जाएंगा।

# दिल्ली में भाजपा की भारी जीत पर तारानगर में भाजपाईयों ने खुशी

**तारानगर ।** दिल्ली में भाजपा को भारी बहुमत मिलने पर तारानगर में भाजपा के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व भाजपा नगर मण्डल

- दिल्ली में भाजपा को भारी बहुमत मिलने पर तारानगर में आतिशबाजी की
- गढ परिसर के आगे कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

अध्यक्ष अनुप खण्डेलवाल के नेतृत्व में गढ के आगे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पर आतिबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की ।

इस अवसर मण्डल अध्यक्ष अनुप खण्डेलवाल ने कहा कि आप पार्टी के अहंकार का अंत हो गया है । राकेश जांगिड़ ने कहा कि अब दिल्ली में डबल ईंजिन की सरकार दौड़ेगी व दिल्ली का सर्वांगिण विकास होगा।

गढ परिसर के आगे कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को बधाई दी और दिल्ली के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर तारासिंह राठौड़, नरेश सहारण, मोहम्मद तैयब, विशाल शर्मा, महावीर पूनीयां, अजीत सिंह राठौड़, जमरदीन तेली, नरेश सैनी, शिवकुमार शर्मा, सुशील सरावगी, हरी इन्दौरिया, त्रिलोक रेगर, लीलाधर प्रजापत, वासुदेव शर्मा, सूनील भाकर, माणकचन्द सैनी, किशन सिंह राठौड़, कैलाश चाचान, हीरा लालसैनी, गुलाब सोलंकी, राजकुमार, विजय सोनी, देवकरण कल्ला, फारूक हिसारिया, हेमन्त व्यास, शिव सिंह मेघसर, चुन्नीलाल कमाण्डो, सुनील भाकर, महेन्द्रसिंह भाटी, अशोक योगी, मुकेश शर्मा, राजकुमार भामी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

इसी प्रकार क्षेत्र के सात्युँ सर्किल पर भाजपा युवा नेता अलबेला खान के नेतृत्व में भाजपा युवाओं ने दिल्ली में भाजपा की जीत पटाखे फोड़कर व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया एवं नरेन्द्र मोदी, राजेंद्र राठौड़ जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस मोके पर ताराचंद कस्वां, जुल्फेकार हिसारिया, शाबीर बिसायती, तालीम खोखर, इलियास बिसायती, महबूब गोरी, मोहम्मद खालिद तंवर, शकील गोरी, मोहम्मद साजिद भाटी, सांवरमल वाल्मीकि सहित काफी युवा उपस्थित थे।



तारानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई ।

# गुढ़ा पब्लिक स्कूल में हॉर्स राइडिंग ( घुड़सवारी ) शुरु

**पाटन ।** नीमकाथाना सिरोही बाईपास क्षेत्र में स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हॉर्स राइडिंग (घुडसवारी) का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर हेमंत जानू (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक अधिकारी, नीमकाथाना) विनीता यादव (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक अधिकारी, नीमकाथाना) अजीत पूनिया (प्रोफेसर, बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी) आदि मुख्य अतिथि रहे। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन संपत बेनीवाल, निदेशक के. सत्येंद्र, प्रधानाचार्य पी.के. भाटी, विद्यालय प्रबंधक अजय घायल आदि ने फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों ने अपने कर कमलों से फीता काटकर विद्यालय में हॉर्स राइडिंग (घुडसवारी)का उद्घाटन किया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमेन बेनीवाल ने अपने उद्बोधन ने कहा कि नीमकाथाना क्षेत्र के बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके और जीवन में सफल हो सके इसी सकारात्मक सोच के साथ विद्यालय में हॉर्स राइडिंग (घुडसवारी) की शुरुआत की है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु विद्यार्थियों को खेलों में भी भाग लेना चाहिए। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कठिन परिश्रम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है अतः विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव परिश्रम करना चाहिए। इसी क्रम में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक अधिकारी यादव ने बताया कि विद्यार्थी हॉर्स राइडिंग सीख कर देश और दुनिया में अपनी पहचान बना सकते हैं। प्रोफेसर पूनिया ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं है किंतु उसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए त्याग एवं तपस्या की आवश्यकता है। क्योंकि त्याग और तपस्या के बिना जीवन में कुछ भी संभव नहीं है। विद्यालय के निदेशक के.सत्येंद्र ने हॉर्स राइडिंग का महत्त्व बताते हुए कहा कि टेंट पेगिंग, शो जंपिंग ड्रेसेज, वॉल्टिंग,पोलो, रोडियो आदि हॉर्स राइडिंग से जुड़े हुए खेल हैं। हॉर्स राइडिंग के माध्यम से विद्यार्थी खेल जगत में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।उन्होंने विद्यालय में इस नई शुरुआत के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, कॉर्डिनेटर व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



गुढ़ा पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों हॉर्स राइडिंग भी सिखाई जायेगी।

## एक दूसरे को खिलाई मिठाई

**चिड़ावा।** शहर के विवेकानंद चौक में शाम साढ़े पांच बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और दिल्ली में भाजपा की जीत की खुशी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने कहा कि दिल्लीवासियों ने पीएम मोदी में विश्वास जताया है। केजरीवाल की भ्रष्टाचार से घिरी पार्टी को लोगों ने आइना दिखा दिया। भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत ने डबल इंजन की सरकार पर मोहर लगा दी है और अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र भी तेज गति से विकास की ओर अठासर होगी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि भाजपा की रीति नीति हमेशा जनता के हित में रही है। जनता ने इसमें अपना विश्वास जताकर बड़ी जीत दी है। अब भाजपा भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा ने भी जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि ये सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मेहनत की जीत है।

## सार-समाचार

### तीन बसों का जत्था रवाना



पाटन से कुंभ के ए बसों का काफिला रवाना किया

**पाटन ।** लक्ष्मी मार्ट एंड ट्रैवल्स नीमकाथाना द्वारा महाकुंभ प्रयागराज एवं अयोध्या दर्शन के लिए आज बसों का काफिला रवाना किया गया। बसों के काफिले को पूर्व प्रधान चंदा देवी गुर्जर ने भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पंडित विकास शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण कर पूजा पाठ किया और सभी को रक्षा सूत्र बांध कर के नीमकाथाना से महाकुंभ प्रयागराज एवं अयोध्या दर्शन के लिए रवाना किया इस दौरान लक्ष्मी मार्ट एंड ट्रेवल्स के निदेशक राजपाल बगड़िया नरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक शर्मा, मनीष टांक, तुलसी, विनोद शर्मा, रजनीश बगड़िया, सहित अनेक लोग मौके पर मौजूद रहे।

### पानी और पर्यावरण संरक्षण के उपाय जाने

**चिड़ावा।** भावी पीढ़ी को जल एंव पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के उदेश्य से आज शनिवार को महरमपुर गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 58 विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण एंव पर्यावरण संरक्षण के उपायों को विस्तार से जानने के लिए चिड़ावा की स्वंय सेवी संस्था रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान के कार्यालय में बने जल संसाधन सूचना केंद्र भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के जल एंव ठाामीण विकास समन्वयक संजय शर्मा द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों के बारे में विडियों के माध्यम से समझाया और उन्होनें जीवन में पर्यावरण स्वच्छता और जल का महत्व बताते हुए कहा कि हमें इन दोनों को बचाने का संकल्प लेना होगा और कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में भी जल का उपयोग उचित तरीके से करना चाहिए। संस्थान के उपस्थित सभी बच्चों को संस्थान में बने जल संसाधन सूचना केंद्र की विजिट करवाकर उनकों जल संरक्षण के तरीकों एंव खेती में जल का उचित उपयोग के तरीके आदि सब सेंटर में बने मॉडल के द्वारा विस्तारित रूप से समझाया गया। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्लास्टिक निस्तारण के लिए बच्चों को ईको-ब्रिक्स बनाने के लिए प्रेरित किया ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक से मनुष्यों, जानवरों एंव कृषि में होने वाले नुकसानों से बचा जा सके। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण पर एक प्रश्नोतरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें बबीता, रहिश कुमार, साक्षी, यशविनी एंव कोमल को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महरमपुर स्कूल से प्रधानाचार्य राकेश कुमार, अध्यापक संत कुमार, शोभाग सिंह , मुकेश सुईवाल, दीपक ढेवा, विजेन्द्र सिंह, संजय कुमार, कैलाश कुमार व अध्यापिका बबीता एंव संस्थान के क्षेत्रिय कृषि पर्यवेक्षक राकेश कुमार महला, अजय कुमार बलवदा, सूरजभान रायला, आईटी ऑफिसर मोनिका स्वामी, शिवनारायण आदि उपस्थित रहे।

### बाबा श्याम की निशान यात्रा रवाना

**चिड़ावा।** एकादशी के मौके पर विनोद मंजू सैनी की ओर से राम अमृतवाणी ठाुप और अन्य श्रद्धालुओं के सूरजगढ़ के लिए निशान यात्रा रवाना हुई। निशान पूजन के बाद डीजे की धुन पर डांस करते हुए श्रद्धालु शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सूरजगढ़ रवाना हुए। श्रद्धालु गोगाजी की ढाणी से मैन बाजार होते हुए श्री कल्याण प्रभु मंदिर, कबूतर खाना होते हुए सूरजगढ़ धाम रवाना हुए। इससे पूर्व राम अमृतवाणी पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे बाबा के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। शिव कुमार योगी, श्याम राणा द्वारा राम अमृतवाणी पाठ किया गया। बबिता जिसपाल, विनोद जांगिड, महेश शर्मा धन्ना, शंभू पुजारी ने मनमोहक भजन गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। इासके अलावा बाबा श्याम के भक्तों ने 151 मीटर लंबे निशान के साथ पैदल यात्रा की। यह निशान यात्रा अरडावता गांव से शुरू होकर चिड़ावा होते हुए श्याम मंदिर सूरजगढ तक गई। यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता 151 मीटर लंबा बाबा श्याम का निशान था, जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में मानसिंह, सत्यवीर बुडानिया, विकाश थाकन, मुकेश बुडानिया, उदय सिंह, धर्मवीर बुडानिया और अटलू घरडाना सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### 51 निशान के साथ सूरजगढ़ पहुंचे भक्त

**चिड़ावा।** खुडाना ग्राम पंचायत के विजयपुरा-कंवरपुरा स्थित बालाजी मंदिर में श्रीश्याम के 20वें वार्षिकोत्सव के तहत आज श्याम मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के सानिध्य में विजयपुरा के बालाजी मंदिर से 51 निशान के साथ के पदयात्रा शुरू रवाना हुई। जो कि कंवरपुरा, नूनियां गोठड़ा, ओजटू, चिड़ावा, श्यालू, रघुनाथपुरा होते हुए सूरजगढ़ के श्याम मंदिर पहुंची। जहां श्याम प्रभू को निशान अर्पित किए गए। इस मौके पर उप सरपंच प्रकाश सैनी, दिनेश कटेवा, लालचंद हलवाई, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, निरंजन सैनी, घड़सीराम सैनी, हरिराम सैनी, कर्मवीर कटेवा, राजेश सैनी, अमित कुमार, सुबे.दाताराम कटेवा, मानसिंह सैनी, काशीराम सैनी, रोहिताश्व सैनी, विनोद सैनी, सत्यवीर स्वामी, राजेश कुमार, रामवतार, घनश्याम सैनी, विजेंद्र सैनी, प्रदीप कटेवा, जगदेवराम, प्रियंका, सुमित्रा, नेहा, लक्ष्मी, मोनिका, मोनिका सैनी, रंजना, मंजू, सुनीता, माया देवी, सुनीता, सुमन, कंचन, मणी देवी, राजबाला, पिंकी, माया, सुधा, भगवती देवी, नीलम कटेवा सहित अन्य मौजूद थे।

### 'सर्जनात्मक गतिविधियों को शामिल करें'

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** स्काउट भवन में आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ सम्बोधित करते हुए पूर्व प्राथमिक शिक्षा शिक्षण में सर्जनात्मक एवं क्रियात्मक गतिविधिओ को शामिल करने का आव्हान किया।प्रशासनिक अधिकारी श्रीपाल ढाका द्वारा विभागीय कैलेंडर के अनुसार कार्य सम्पादन करने की अपील की गई।शिविर व्यस्थापक कैलाशचंद्र शर्मा ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के घटकों पर चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। महिला व बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी ने कार्यक्रम का संचालन किया। दक्ष प्रशिक्षक सुशीला ने साफ़ सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला।मास्टर ट्रेनर सुमन द्वारा शालापूर्व प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान दी गई।दक्ष प्रशिक्षिक प्रभाती ने शिक्षण की तकनीक के बारे बताया।दक्ष प्रशिक्षिक विमला ने अर्ली चाइल्डहुड केअर एजुकेशन की महत्ता से अवगत करवाया।

### पुण्यतिथि पर बांटी पानी की बोतल

**खिरोड़ ।** टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रिंसिपल संजू नेहरा ने अपने स्वर्गीय पति व्याख्याता वीरेंद्र सिंह सोहू की 15वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पानी की बोतल बांटी। प्रिंसिपल संजू नेहरा हर साल अपने स्वर्गीय व्याख्याता पति वीरेंद्र सिंह सोहू की पुण्यतिथि पर अपने विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी व अन्य जरूरत की सामठाी वितरित कर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि देती है। इसी क्रम में शनिवार को स्कूल के कक्षा एक से बारह के सभी बच्चों को पानी की बोतल बांटी गई। इससे पहले सभी स्टाफ सदस्यों और बच्चों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। संजू नेहरा ने इस मौके पर बताया कि उनके पति व्याख्याता वीरेंद्र सिंह सोहू एक आदर्श शिक्षक के रूप में सेवारत थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एपीसी कमलेश कुमार तेतरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानाचार्य संजू नेहरा एक प्रेरक व्यक्तित्व है। जिन्होंने 15 वर्ष पूर्व हुए वठापात से उबर कर साहस से परिस्थितियों का मुकाबला किया और अपने बेटी बेटे दोनों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाकर अपने पति का सपना पूरा किया। वृद्ध सास की बेटे की तरह बहु सेवा कर रही है एवं विभाग में जहां भी कार्यरत रही उस विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर व्याख्याता मोनिका, लक्ष्मणराम, अमन कुमार, कुलदीप सिंह शारीरिक शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक मनोज कुलदीप, पंचायत सहायक शर्मिला, सुमन शर्मा सहित विद्यालय के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# कार सवार परिवार को बेकाबू कार ने टक्कर मारी, वृद्ध की मौत, तीन घायल

## तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में जा रही कार को टक्कर मार दी थी

**डूंगरपुर, ( निसं )।** खेरवाड़ा कस्बे के उपाध्याय कॉलोनी में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर डूंगरपुर लौट रहे कार सवार परिवार को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। वहीं दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।

- **खेरवाड़ा में गृह प्रवेश कार्यक्रम से डूंगरपुर लौट रहा था कार सवार परिवार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार डूंगरपुर जिले के गामड़ी, हाल डूंगरपुर निवासी गजेंद्र भट्ट, गौरव मेहता, शशिकला मेहता व सुमित्रा भट्ट के साथ कार द्वारा खेरवाड़ा के उपाध्याय कॉलोनी में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने खेरवाड़ा आए हुए थे। शनिवार शाम गजेंद्र भट्ट अपने परिवार के साथ पुनः डूंगरपुर लौट रहे थे। इस दौरान बड़ला गांव स्थित टीवीएस मोटर्स के सामने एनएच-48 पर अहमदाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आती कार डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में जाकर डूंगरपुर जा रही कार से सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी। कि कार में आगे बैठे गजेंद्र भट्ट की मौके पर ही मौत हो गई। वही गौरव मेहता, शशिकला मेहता व सुमित्रा भट्ट गंभीर घायल हो गए। सूचना पर खेरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और निजी वाहन की सहायता से शव को खेरवाड़ा मोर्चरी में रखवाया। वही तीनों गंभीर घायलों को डूंगरपुर रेफर किया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर उदयपुर रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



उदयपुर जिले के बडला गांव में हुये हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# मकान पर अवैध कब्जा करने वाला गिरफ्तार

## आरोपित ने मकान के फर्जी दस्तावेज बना लिए थे

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान पर कब्जा करने वाले आरोपित जावेद पठान निवासी शास्त्री नगर गिरफ्तार किया गया। आरोपित से फर्जी दस्तावेज तैयार करने के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

- **आरोपित से फर्जी दस्तावेज तैयार करने के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 15 नवंबर 2024 परिवादी राजेश कुमार निवासी झोटवाड़ा ने मामला दर्ज करवाया था कि वह घासीराम मिश्रा का रजिस्टर्ड पावर ऑफ अटॉनी होल्डर है। मकान नं. 2-च-23 शास्त्री नगर में हाउसिंग बोर्ड से 26 अप्रैल 1980 को घासीराम मिश्रा के नाम से आवंटित हुआ था। जिसकी सम्पूर्ण राशि जमा कराकर मौके पर कब्जा प्राप्त कर लिया था।

घासीराम मिश्रा हाउसिंग बोर्ड जयपुर में कार्यरत थे तथा उपरोतक्त मकान रहते थे। रिटायरमेंट के बाद बच्चों के पास बाहर रहने लगे व बीच-बीच में अपने मकान को सम्भालते व मरम्मत कराते रहते थे और आज भी मकान के पानी व बिजली के बिल घासीराम मिश्रा के नाम है। गत 11 सितंबर 2023 को घासीराम मिश्रा ने उसे जरिये रजिस्टर्ड पावर आफ अटॉनी उक्त मकान को सम्भालने व इसके लिए समस्त कार्यवाही के लिए दी थी। चूंकि घासीराम मिश्रा की उम्र लगभग 70 वर्ष की जो चलने फिरने में असमर्थ है।

पीड़ित मकान को सम्भालने गया तो मकान न. 2-च-23 के गेट पर किसी पठान हाउस जावेद पठान ने अपने आप को अधिवक्ता राज, उच्च न्यायालय का अधिवक्ता बताते हुए फर्जी बोर्ड लगा हुआ था तथा अन्दर कुछ व्यक्ति थे। उसने उपस्थित व्यक्ति से पूछा तो उसने बताया कि उसका नाम जावेद पठान बताया और कहा कि यह उपरोक्त मकान घासीराम मिश्रा से खरीद लिया है, जिस पर वह घासीराम मिश्रा बात की तो उन्होंने किसी को भी बेचना नहीं बताया।

घासीराम ने बताया कि मकान में रखे लकड़ी के मंदिर व उसमें रखी मूर्तियां व एक बक्शा है। जिसमें मकान के कागजात व एक छोटी अलमारी आदि रखे थे, उनको सम्भालो। लेकिन उपस्थित व्यक्ति ने मुझे मकान में घुसने नहीं दिया तथा कहा कि आप कौन है और आइन्दा मेरे मकान के आस-पास भी आये तो जान से हाथ धो बैठोगे। और कहा कि यह मुस्लिम इलाका है, इसमें जो भी हिन्दुओं के मकान हैं, उस पर हम कब्जा कर लेते हैं।

मुझे अंदेशा है कि इसने हमारा सामान भी चोरी कर लिया है। और अंदेशा है कि मकान के फर्जी कागजात बनाते हुए मकानमें भी तोड़फोड़ कर मकान का रूप बदलने का प्रयास किया है। उसे धमकी दी है कि थाने गये तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते हए आरोपित को गिरफ्तार किया है।

# शराबी बेटे ने पिता की चाकू घोंपकर हत्या की

## वारदात के बाद बेटा अपने कमरे में जाकर सो गया

**सूरतगढ़, ( निसं )।** श्रीगंगानगर में एक बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता को चाकू घोंपकर मार डाला। हत्या करने के बाद आरोपी बेटा अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह ग्रामीणों को इस वारदात के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मामला, देर रात करीब 12 बजे, जिले के सूरतगढ़ कस्बे का है।

- **सुबह ग्रामीणों को जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी**

राजियासर थाना अधिकारी सतीश कुमार यादव ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे हमें सूचना मिली थी कि गांव राकेश कुमार (38) नाम के एक युवक ने अपने पिता लेखराज जाट (65) की चाकू मारकर हत्या कर दी है। हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। आरोपी युवक राकेश भी मौके पर मौजूद था। पुलिस ने उसे डिटेन कर लिया है। पुलिस को लेखराम के बड़े बेटे विनोद ने शिकायत दी कि उसके पिता लेखराज अपने छोटे बेटे राकेश के साथ गांव में रहते थे। वो खुद फूलेजी गांव में रहता था। सभी लोग दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। राकेश कुमार बाबा रामदेव मेले में गया था। रात को घर आते समय उसने रास्ते में उसने शराब पी। रात करीब आठ बजे जब वो घर पहुंचा तो राकेश की पिता लेखराम के साथ शराब पीने की बात पर अनबन हो गई। इसके बाद राकेश अपने कमरे में जाकर सो गया। उसका पिता लेखराम बाहर आंगन में चारपाई पर सो गया।

रात करीब 12 बजे राकेश उठा और आंगन में सो रहे अपने पिता के पेट में चाकू घोंप दिया। हमला होते ही लेखराम उठा और भागने लगा, लेकिन ठोकर खाकर जमीन पर गिर गया। गिरते ही लेखराम ने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राकेश मौके से भागा नहीं। वो अपने कमरे में जाकर वापस सो गया। थोड़ी देर बाद राकेश की मां भागवंती (60) और पत्नी उठी तब उन्हें घटना का पता चला।

उन्होंने भी किसी को कुछ नहीं बताया और शव पर कंबल डाल दिया गया। सुबह ग्रामीणों को वारदात का पता चला तो उन्होंने फुलेजी गांव में रहने वाले लेखराम के बड़े बेटे को घटना की जानकारी दी। सुबह करीब 8:30 बजे रजियासर पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया।

## पार्क में घूमने आये मासूम की नहर में डूबने से मौत

**जोधपुर, ( कासं )।** जोधपुर में परिवार के साथ पार्क में घूमने आया 2 साल का मासूम नहर में डूब गया। परिजन उसे डेढ़ घंटे तक तलाशते रहे। इसके बाद गोताखोरों को सूचना दी गई।

गोताखोरों ने यहां से मासूम के शव को 15 मिनट में बाहर निकाल लिया। मासूम का शव देख परिजन बदहवास हो गए। नहर के पास बैठकर रोते रहे। वहीं उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि यहां नहर के आसपास कोई रेलिंग भी नहीं थी। हादसा इसी कारण हुआ है। मामला मंडोर थाना इलाके के मंडोर उद्यान का शनिवार दोपहर 2 बजे का है। मृतक अब्दुल के पिता शहीद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ मंडोर उद्यान घूमने आया था। वह परिजनों के साथ आसपास ही खेल रहा था। इसी दौरान करीब 10 मिनट तक वह नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे तक पार्क में इधर-उधर ढूंढते रहे। पार्क में आए अन्य लोगों ने राय दी कि नहर की तरफ भी ढूंढ लीजिए। पिता शहीद ने बताया कि परिजनों के नहर के आसपास देखा तो वह नजर नहीं आया।

# विवाद के चलते पत्नी की हत्या, पति को हिरासत में लिया

## लोहे के पाइप से पत्नी के सिर पर इतने वार किए कि पूरा सिर फट गया

**जोधपुर, ( कासं )।** घरेलू विवाद में पति ने बेरहमी से पत्नी की हत्या कर दी। लोहे के पाइप से उसके सिर पर इतने वार किए कि पूरा सिर फट गया। घर में फर्श पर खून ही खून हो गया। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मामला जोधपुर के माता का थान इलाके के कीर्ति नगर का शुक्रवार देर रात का है।

- **रक्त रंजित हालत में पत्नी का शव मिला, मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम**
- **पति और पत्नी के बीच शराब पीने की बात पर आपस में कहासुनी हुई थी**

जानकारी के अनुसार, कीर्ति नगर निवासी महिला मोनिका कलाल की उसके पति गौतम कलाल के बीच शराब पीने की बात पर कहासुनी हुई थी। आवेश में आकर पति ने लोहे के पाइप से सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इससे सिर फट गया मोनिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले की छानबीन जारी है।

परिजनों के अनुसार, मोनिका के 2 लड़के और 1 लड़की है। बड़ा बेटा अपने दादा-दादी के पास जोधपुर में ही दूसरे घर में रहता है। वारदात के समय शुक्रवार रात को शराब के नशे में गौतम ने बेटे और बेटी को डांटकर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद दरवाजा भीतर से बंद कर दिया। इसके बाद लोहे के पाइप से मोनिका के सिर में वार कर दिया। उसके सिर पर इतने पाइप मारे कि महिला का ब्रेन ही सिर से बाहर आ गया। वह मौके पर ही ढेर हो गई।

जानकारी के अनुसार पड़ोसियों ने पुलिस को वरदात की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस कीर्ति नगर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इसके बाद रात 2:30 बजे महिला के शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

एसीपी मंडोर नगेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात साढ़े ग्यारह बजे के आसपास सूचना मिली कि माता का थान स्थित कीर्ति नगर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के हत्या कर दी है। इस पर थानाधिकारी भंवरसिंह जाखड़ सहित अन्य पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे। हिना का रक्तरंजित शव घर में पड़ा था। घर छोटा ही है। यह भी बात सामने आयी कि पति पत्नी के बीच विवाद चला आ रहा था, मगर दोनों साथ ही रह रहे थे। उनके दो छोटे बच्चे है जोकि अपने ननिहाल गए हुए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण के साथ एफएसएल टीम को भी वहां बुलाया और साक्ष्य कलेक्ट किए। एसीपी नगेंद्र कुमार ने बताया कि शव का आज एमजीएच में मेडिकल बोर्ड गठित करवाकर पोस्टमार्टम करवाया गया है। परिजन की तरफ से हत्या में रिपोर्ट दी गई है। अग्रिम जांच जारी है।

## विवाहिता को बंधक बनाकर दुष्कर्म

**अजमेर, ( कासं )।** जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में विवाहिता से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी पर किडनैप कर तलवार की नोक पर रेप करने और घर से दो लाख रुपए नगदी चोरी करने का आरोप लगाया है।

भिनाय थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने कोर्ट के जरिए थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया कि एक युवक अपने अन्य साथियों के साथ पीहर आया और उसका किडनैप कर अपने साथ ले गए। उसके पीहर से दो लाख नगदी भी चोरी कर ले गए थे। पीड़िता ने बताया के आरोपी ने लगभग एक महीने तक बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया। उसके पहने हुए जेवरात भी हड़प लिए। इसके बाद वह आरोपियों के चंगुल से बचकर पीहर पहुंची थी। आरोपी वापस उसके पीहर आया और तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर रेप किया। करीब सात दिन तक आरोपी उन्हीं के घर में रहकर धमकी देता रहा। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद वह अपने ससुराल पहुंची और पति को आपबीती बताई थी।

# नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग, धरना समाप्त

**पाटन, ( निसं )।** नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर पिछले 39 दिनों से चल रहा धरना और भूख हड़ताल अचानक बिना किसी आश्वासन के समाप्त हो गया। यह धरना संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित किया जा रहा था, लेकिन अचानक धरने का समापन बिना किसी आधिकारिक जानकारी के हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में कई सवाल उठने लगे हैं।

- **नीमकाथाना जिले को समाप्त किए जाने के खिलाफ सीकर संभाग के नागरिकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए थे**

नीमकाथाना में चल रहे आंदोलन के दौरान विभिन्न संगठनों और नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे। इनमें से कई आंदोलनों को समझाइश के बाद समाप्त किया गया था, लेकिन धरना और भूख हड़ताल लगातार जारी रही थी। अब अचानक धरने का समापन और धरने स्थल से आंदोलनकारियों का उठ जाना सभी के लिए हैरान करने वाला है।

जानकारी के अनुसार नीमकाथाना जिले के समाप्त किए जाने के खिलाफ सीकर संभाग के नागरिकों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किए थे। चक्का जाम, रैलियाँ और धरने आयोजित किए गए थे, जिनमें वकीलों और कर्मचारियों ने भी पूरा सहयोग दिया था। यह विरोध प्रदर्शन सरकार के खिलाफ था, जिसमें नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग की जा रही थी।

हालांकि, धरने के समाप्त होने के कारणों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं की समझाइश, आंदोलनकारियों से बातचीत या किसी गुप्त समझौते के बाद धरना समाप्त किया गया हो। इस मामले में संघर्ष समिति के पदाधिकारी और विधायक कार्यालय से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई है।

## मा.शि.बो.: परीक्षाओं की प्रतिदिन वीडियोग्राफी होगी

**अजमेर, ( कासं )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा के दौरान प्रतिदिन वीडियोग्राफी व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी।

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रदेश के 19 लाख 98 हजार 509 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। केंद्रों पर पेयजल, वॉशरूम सहित दिव्यांगजन के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया करानी होंगी। सभी संवेदनशील, अतिसंवदेनशील तथा चयनित परीक्षा केन्द्रों पर पेपर को अलमारी निकालने, लिफाफे खोलने, वितरण करने एवं परीक्षा आयोजन की वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी से निगरानी होगी। जिलों में किसी एक उडनदस्ते से प्रतिदिन रोटेशन से वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों के पेपर पुलिस थाने में शिक्षा विभाग की अलमारियों में रखे जाएंगे।

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि केंद्रों पर विद्यार्थियों की संख्या अनुसार वीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा समापन पर कॉपियों के पैकेट बोर्ड के निर्धारित संग्रहण केन्द्र पर पहुंचाने होंगे। मुख्य परीक्षा नियंत्रक राजेश निर्वाण ने बताया कि अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों की सूची बनाकर निदेशक गोपनीय को भेजनी होगी। विद्यार्थी निर्धारित ड्रेस कोड में ही परीक्षा देंगे। इलेक्ट्रोनिक उपकरण नहीं लाएंगे।

## चार लाख के मोबाइल बरामद

**सरवाड़, ( निसं )।** उर्स मेला के दौरान सरवाड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों व बदमाशों की सतत निगरानी व सीसीटीवी फुटेज व आसूचना प्राप्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक काला बैग लावरिस हालत में मिला जिसको चैक करने पर नो मोबाइल अलग-अलग कम्पनियों के मिले जो चोरी के होना प्रतित होने पर जब्त किये। उनकी जांच करने पर बीस हजार रूपए बरामद किये। वहीं मोबाइलों की बाजार में कीमत लगभग चार लाख के करीब है।

इस दौरान मौहम्मद ईमरान पुत्र मौहम्मद इकबाल निवासी भाकरा पियादा पारा डुमधुर जिला हावरा पश्चिम बंगाल व ईसरत पत्नी मौहम्मद ईकबाल निवासी भाकरा पियादा पारा पुलिस थाना डुमधुर जिला हावरा पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया।

# मां व दस माह के बेटे के टांके में शव मिले

## पीहर पक्ष का आरोप है कि पति ने हत्या के बाद शव टांके में डाले हैं

**जोधपुर, ( कासं )।** राजीव गांधी नगर थानान्तर्गत जैसलमेर हाइवे पर पूनियों की प्याऊ गांव के जसनाथ नगर स्थित मकान के टांके में मां व दस माह के बेटे के संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। पीहर पक्ष का आरोप है कि पति ने हत्या के बाद शव टांके में डाले हैं। पुलिस के अनुसार जसनाथ नगर निवासी 25 वर्षीय पूजा और दस माह के पुत्र दुग्यांशु के शव मकान में बने टांके में मिले। चिंचड़ली गांव निवासी मृतका के भाई श्रवणराम पुत्र मोहनराम जाट ने अपने बहनोई खंगारराम के खिलाफ दहेज के लिए तंग करने और प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाकर एफआइआर दर्ज कराई है। भाई का आरोप है कि 22 अप्रेल 2022 को उसकी बहन पूजा की शादी पूनियों की प्याऊ निवासी खंगारराम पुत्र बोराराम जाट से हुई थी। दस महीने पहले पुत्र दुग्यांशु का जन्म हुआ था। मां व बेटे के टांके में डूबने की सूचना मिली। पीहर वाले जसनाथ नगर पहुंचे तो पुलिस मौके पर जांच कर रही थी। जांच के बाद पूजा व दुग्यांशु के शव टांके में से बाहर निकलवाए गए, जिन्हें मोर्चरी भेजा गया। भाई का कहना है कि मृतका के मुंह से झाग निकल रहे थे। इससे अंदेशा है कि हत्या कर शव टांके में डाले गए हैं।

- **महिला के भाई का कहना है कि मृतका के मुंह से झाग निकल रहे थे**
- **पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू की**

# मारपीट के वायरल वीडियो मामले में तीन गिरफ्तार

## अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है

**कोटपूतली, ( निसं )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अभी तक छह जनों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

एसपी राजन दुष्यंत ने प्रैस नोट जारी करते हुये बताया कि क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किये जाने का वीडियो वायरल हुआ था। प्रकरण में विगत 3 फरवरी को ग्राम देवता निवासी रोहिताश पुत्र हनुमान कंजर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी बेटी संगीता को ग्राम गोपालपुरा स्थित कंजरों की बस्ती में उसके ससुराल छोड़ने गया था, जहां कुछ लोगों ने उसे पेड़ से बांधकर मारपीट की।

पीड़ित ने बताया था कि ससुराल पक्ष के पड़ौसी गजराज सिंह वगैरहा उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। प्रकरण में एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था, जिसमें कार्रवाई करते हुये मिश्री देवी (58) पत्नी बनवारी लाल कंजर, रेखा (40) पत्नी गजराज कंजर व निर्जला (20) पुत्री गजराज कंजर को गत 4 फरवरी को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं शनिवार को गजराज (41) पुत्र बनवारी कंजर, रवि (33) पुत्र बनवारी कंजर एवं बीना (30) पत्नी रवि कंजर तीनों निवासी कंजरों की बस्ती गोपालपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में अनुसंधान निरन्तर जारी है।



पुलिस ने मारपीट के वायरल वीडियो मामले में तीन जनों को पकड़ा।

# विरासत के साथ हमें विकास के रास्ते पर चलना है : सांसद रावत

**उदयपुर, ( कासं )।** आदिवासियों का प्रमुख महाकुंभ और वागड प्रयागराज बेणेश्वर धाम मेले का शनिवार को मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने ढोल बजाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या जनजाति समुदाय के लोग व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- **सांसद मन्नालाल रावत ने ढोल बजाकर आदिवासियों का प्रमुख महाकुंभ और वागड प्रयागराज बेणेश्वर धाम मेले का शुभारंभ किया**
- **मन्नालाल रावत ने उपस्थित जन समूह को बधाई देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों की बदौलत आज भी हमारी यह विरासत और संस्कृति जिंदा है**

मुख्य अतिथि सांसद मन्नालाल रावत ने उपस्थित जन समूह को बधाई देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों की बदौलत आज भी हमारी यह विरासत और संस्कृति जिंदा है। उन्होंने कहा कि आज मावजी महाराज का 311वां जन्मदिन भी है और बैणेश्वर मेले का शुभारंभ इस मौके पर होना हमारे लिए प्रसन्नता की बात है।

उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों में जनजाति की आस्था को मिटाने की कोशिश हुई, लेकिन अनादिककाल से भगवान श्रीराम, महादेव, आदिशक्ति मां कालिका को मानने वाले हम आदिवासी हैं जिन्होंने हमेशा संस्कृति और देश को पहले स्थान पर रखा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने जनजाति क्षेत्र में भ्रम का वातावरण बनाने का प्रयास किया। चर्च का एजेंडा और झारखंडी विचारधारा को यहां के लोगों पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी हिन्दू है, पर विपरीत विचारधारा सबसे पहले एक पादरी वेरियर एल्विन भारत लेकर आया जिनका प्रयास था कि आदिवासी संस्कृति और आस्था का विनाश करना लेकिन हमारे पूर्वजों ने अपना त्याग करके भी उनके सपने को पूरा नहीं होने दिया। हमें आज भी ऐसे तत्वों के खिलाफ खड़ा रहना है।

सांसद रावत ने कहा कि विरासत के साथ हमें विकास के रास्ते पर चलना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के जनजाति समुदाय के विकास पर समेकित ध्यान दे रहे हैं क्योंकि पूर्व की भाजपा सरकारों ने कभी आदिवासी हित में नहीं सोचा। समारोह की अध्यक्षता साबला प्रधान ललिता देवी डेंडोर ने की। विशिष्ट अथिति के रूप में पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, धनसिंहरावत, बांसवाड़ा जिलाध्यक्ष, गोपीचंद मीणा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। आसपुर के पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा ने संत मावजी महाराज के जीवन व मेले को लेकर बताया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. SULTAPUR

क्रमांक-1412 दिनांक-28-01-2025

Notice Inviting Bid

Bid for "Major road repair work on Annual rate Contract basis" NIT No. 24/2024-25 are invited from interested bidders up to 6.00 PM 17.02.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 180.00 lacs.

UBN No.
1. PWD2425WS0B14306
2. PWD2425WS0B14307

(Ankit Bindal)
Executive Engineer
PWD Division Sultanpur

DIPR/C/1405/2025

राजस्थान-सरकार

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं नियंत्रक सलंग्न चिकित्सालय समूह कोटा

web:https://medicaleducation.rajasthan.gov.in/mckota

e-mail: principalmck@gmail.com, Tel.: 0744-2470674

कमांकः प.32()/क्रय-2/METP/2024-25/202 दिनांक-29.01.25

ऑन लाइन बोली सूचना संख्या 18/2024-25 (E-Tender)

चिकित्सा महाविद्यालय, एवं इससे सम्बद्ध चिकित्सालयों के लिए उपकरण आदि क्रय हेतु जिनकी अनुमानित लागत लगभग 251.20 लाख रूपये (अक्षरे राशि रूपये लगभग दो करोड़ ईक्यावन लाख बीस हजार रूपये), है। मूल विनिर्माताओ / अधिकृत विक्रेताओ / वितरकों / सद्भावी व्यवहारियों से ई-उपापन प्रकिया के माध्यम से विनांक 30-01-25 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 13.2.2025 सांय 05.00 बजे तक ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखा जा सकता है।

UBN : CMK2425GLOB00268 to 00281

DIPR/C/1400/2025 प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक

# दिल्ली में भाजपा की प्रचण्ड जीत मोदी सरकार की नीतियों व जनता के विश्वास की जीत : डॉ. पूनियां

## भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर पूनियां एक बार फिर खरे उतरे, प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में भी विजय शंखनाद किया

**जयपुर** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में अपने कुशल रणनीतिक कौशल एवं मजबूत माइक्रो मैनेजमेंट चुनाव प्रबंधन से प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के चुनाव प्रबंधन की कुशलता दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिली।

- **राजस्थान, हरियाणा के बाद दिल्ली में भी दिखा सतीश पूनियां का रणनीतिक कौशल व माइक्रो मैनेजमेंट चुनाव प्रबंधन**

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने सतीश पूनियां को नजफगढ़ जिले की पांच विधानसभा सीटों की चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी थी, इन सभी सीटों पर भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति एवं मार्गदर्शन में दिल्ली भाजपा प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा, सह प्रभारी अल्का गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की रणनीति और परिश्रम से दिल्ली में संगठन को धरातल पर मजबूती मिली, इन सभी नेताओं का परिश्रम जीत में तब्दील हुआ। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सतीश पूनियां ने नजफगढ़ जिले की नजफगढ़, विकासपुरी, उत्तम नगर, मटियाला और द्वारका विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन और कैंपेनिंग की जिम्मेदारी संभाली थी, इन सभी सीटों पर भाजपा ने विजय हासिल की है।

सतीश पूनियां दिल्ली में नजफगढ़ जिले की 5 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ लगभग एक दर्जन सीटों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन, ओबीसी सम्मेलन, प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन, प्रबुद्धजन सम्मेलन, उद्यमी सम्मेलन, किसान सम्मेलन, प्रमुख कार्यकर्ता बैठक, बूथ सम्मेलन इत्यादि कार्यक्रमों में शिरकत कर दिल्ली में भाजपा के विजय संकल्प के लिए महीनेभर तक संकल्पित होकर जुटे रहे।

उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां ने भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के दौरान सवा तीन साल में पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण से राजस्थान में 53 हजार से अधिक बूथों पर गुजरात, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों के मॉडल की तरह फोटोयुक्त बूथ समितियां के गठन से लेकर पन्ना एवं शक्ति केंद्रों तक पार्टी को पहुंचाने का कार्य किया, विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के खिलाफ पंचायतीराज एवं निकाय चुनाव में भारी सफलता हासिल की थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान सतीश पूनियां के नेतृत्व में पूरे राजस्थान में महिला सुरक्षा, पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, किसान कर्ज माफी इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर तमाम आंदोलन किये थे, धरना प्रदर्शन से लेकर सडक से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस के खिलाफ लडाई लडी थी और भाजपा संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूत कर भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में सतीश पूनियां के नेतृत्व में समूचे राजस्थान के समस्त जिलों, मण्डल और बूथ तक कोरोनाकाल में भाजपा राजस्थान इकाई ने कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता से सेवा ही संगठन अभियान चलाया था, जिसके जरिये करोड़ों जरूरतमंदों को भोजन, राशन, पानी इत्यादि सुविधा पहुंचाने का काम किया था, इस अभियान की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में प्रशंसा करते हुए कहा था कि कोरोनाकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभर में सेवा के शानदार कार्य किये हैं, जिनमें राजस्थान में भाजपा ने सेवा के अनूठे एवं उत्तम कार्य किये, इसके लिये भाजपा राजस्थान इकाई को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

सतीश पूनियां ने कहा, विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत एवं कुशल नेतृत्व में भाजपा ने वर्षभर के दौरान राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ से शुरू की विजय यात्रा हरियाणा, महाराष्ट्र से होते हुये अब दिल्ली में भाजपा ने विजय का शंखनाद कर दिया, जो केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने संभव कर दिखाया है।

दिल्लीवासियों ने भाजपा को जीत का आशीर्वाद देकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगाई है और भ्रष्टाचार और कुशासन को पोषित करने वाली आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है, इससे स्पष्ट संदेश है कि दिल्ली और देश की जनता को मजबूत नेतृत्व, सुशासन, विश्वास और जनहितकारी नीतियों पर भरोसा है, जो मोदी सरकार ने बुनियादी विकास से मुमकिन कर दिखाया है।

# दिल्ली चुनाव की जीत का जयपुर में मनाया जश्न

## वसुंधरा राजे और मदन राठौड़ ने एक-दूसरे का मुंह मीठा किया



दिल्ली चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर जयपुर स्थित प्रदेश बीजेपी कार्यालय में जश्न मनाया गया। पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने की ख़ुशी में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुची।जहाँ उनका प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वागत किया। उन्होंने राजे का मुंह मीठा करवाया।पूर्व मुख्यमंत्री ने भी प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ को लड्डू खिलाया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल बजाए गए और आतिशबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

राजे ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर हार्दिक बधाई।इस ऐतिहासिक जनादेश ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्लीवासीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक समृद्ध और प्रगतिशील दिल्ली के निर्माण का निर्णय लिया है। इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाने वाले समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार, जिनकी अथक मेहनत और निष्ठा ने इसे हकीकत बना दिया। यह भी साफ़ हो गया है कि दिल्ली के दिल में मोदी जी हैं।

# दिल्लीवासियों को मिली आप-'दा' के भ्रष्टाचार व कुशासन से मुक्ति : दिया कुमारी

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह एवं पार्टी कार्यकर्ताओं और सभी दिल्लीवासियों को हार्दिक बधाई दी हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रचण्ड जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकास की नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। इस जीत के बाद डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई गति देगी। दिया कुमारी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के झूठ को नकारा है।

- **'भाजपा की डबल इंजन सरकार दिल्ली को विकास के पथ पर ले जाएगी'**
- **'दिल्ली की जनता ने किया कांग्रेस का बहिष्कार, तीसरी बार शून्य मिला'**

आप-दा सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थी। इसलिए सभी बडे चेहरे चुनाव हार गए। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी तीसरी बार शून्य पर है, हाल ही में वे हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली में चुनाव हारे हैं।

# गर्मियों में करें लोड का बेहतर प्रबंधन : चेयरमैन

**जयपुर** । डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों के अभियंताओं को गर्मी में लोड का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम के सभी अधिशासी अभियंता (ओ एंड एम) फरवरी माह में अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले 33 केवी ग्रिड सब स्टेशनों तथा अधिक ट्रिपिंग वाले फीडरों का निरीक्षण करें। जिससे कि गर्मियों में होने वाली बिजली की मांग में बढ़ोतरी के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित की जा सकें।

डोगरा शनिवार को विद्युत् भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीनों विद्युत वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ लोड प्रबंधन, शत-प्रतिशत बिलिंग, बकाया राजस्व वसूली, डिफेक्टिव मीटर बदलने तथा उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भार के अनुरूप



डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने शनिवार को जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक ली।

अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, केबल, रोस्टर स्विच, आइसोलेटर, वीसी ब्रेकर जैसे लाइन मैटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर से ऑयल लीकेज सहित अन्य तकनीकी कमियों को अभी से सुधारा जा सकेगा।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि वे अभियंताओं को डिमांड साइड और लोड मैनेजमेन्ट का प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम निर्धारित करें। उल्लेखनीय है कि जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंताओं को इस संबंध में शुक्रवार को ही ऊर्जा विकास निगम के विशेषज्ञों द्वारा ही प्रशिक्षण दिया गया है। सुश्री डोगरा ने शत-प्रतिशत बिलिंग तथा बकाया राजस्व अर्जन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीटर खराब होने के कारण औसत उपभोग के आधार बिलिंग करनी पड़ती है। ऐसे में डिफेक्टिव मीटरों को

- **अभियंताओं को दें डिमांड साइड मैनेजमेंट का प्रशिक्षण**
- **शत-प्रतिशत बिलिंग के लिए जोधपुर डिस्कॉम ने लगाए नोडल अधिकारी**

तत्काल बदला जाए। डोगरा ने गर्मियों में बिजली की मांग में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे जीएसएस निर्माण तथा फीडर पृथक्कीकरण के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने कहा कि शत- प्रतिशत बिलिंग के लिए डिस्कॉम के सभी सर्किलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, उन्हें फील्ड का दौरा कर रेवेन्यू रियलाइजेशन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।


# अवैध शराब, जुआ-सट्टा और हुक्का बार पर शिकंजा

**जयपुर।** जयपुर दक्षिण पुलिस ने अवैध शराब, जुआ-सट्टा और हुक्का बार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 5.5 पेटी देशी और अंग्रेजी शराब, 1.8 पेटी बीयर, 2000 रुपये बिक्री राशि, जुआ-सट्टा से जुड़े 5200 रुपये नकद और सट्टा सामग्री जब्त की है।

इसके अलावा अवैध रूप से संचालित हुक्का बार से 06 हुक्के, चिलम, पाइप और फ्लेवर भी बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद (आईपीएस) ने बताया कि जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा और हुक्का बार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इस अभियान की तीन थाना इलाकों में कार्रवाई की है। मुहाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण(डीएसटी) ने संयुक्त अभियान में मुहाना निवासी चिंटू सांसी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 70 पव्वे

- **कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया**
- **देशी, अंग्रेजी शराब, बीयर, नकदी और सट्टा सामग्री जब्त**

घूमर और निबूंडा देशी शराब तथा 500 रुपये जब्त किए गए। वहीं सोडाला पुलिस और स्पेशल टीम ने सोडाला निवासी कृष्णा मिश्रा को गिरफ्तार कर 175 पव्वे देशी-अंग्रेजी शराब, 1.5 पेटी बीयर और 2100 रुपए जब्त किए। सोडाला थाना और स्पेशल टीम ने आदर्श नगर निवासी आरोपी आशिष शर्मा को जुआकृसट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया और मौके से 5 हजार 200 रुपए नकद व चिड़ी-कबूतर सट्टा सामग्री जब्त की गई।



राजधानी जयपुर में जोडला रोड नंबर 14 स्थित सरकारी स्कूल परिसर में 33 केवी के दो पोल लगे हुए हैं। इन हाईटेंशन विद्युत लाइनों के पोल के पास स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे दिनभर खेलते रहे है। इसी परिसर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का भी ऑफिस है। इस हाईटेंशन लाइन से स्कूल में पढ़ने वाले 300 से ज्यादा बच्चों को जान का खतरा है। फोटो राष्ट्रदूत

# पशु चुराने वाले कुख्यात मेव गैंग के तीन तस्कर दबोचे

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पशु चोरी करने वाले मेवात के कुख्यात मेव गैंग के तीन तस्करों को पकडा है। पुलिस जांच मे सामने आया है कि आरोपी पूर्व में भी गौ तस्करी के मामले में पकडे जा चुके है। आरोपियों पूछताछ में कई वारदातों को खुलासा किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पशु चोरी करने वाले मेवात के कुख्यात मेव गैंग के नीना निवासी नगर जिला डीग,असदुद्दीन निवासी नगर जिला डीग और सलमान निवासी बरसाना उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित जयपुर में रहकर अलग-अलग जगहों पर मजदूरी करने बहाने पशुओं के भाडों की रैकी कर वारदात को अंजाम देते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन में भारत दर्शन यात्रा पर आए 35 विद्यार्थियों के दल ने मुलाकात की। सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित यह दल जम्मू तवी से जयपुर यात्रा पर आया हुआ है।इस दौरान राज्यपाल से संवाद में उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल बागडे ने एक भारत श्रेष्ठ भारतकी संकल्पना के अंतर्गत इस तरह की यात्राओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राजस्थान की संस्कृति, वीरता और शौर्य की चर्चा करते हुए गौरवमय अतीत से जुड़े राजस्थान के शौर्य और वीरता के किस्से-कहानियों में यहां के किले-महलों और मंदिरों के स्थापत्य के साथ राष्ट्रीयता से जुड़े मूल्यों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। भारत दर्शन पर आए 35 विद्यार्थियों के इस दल में 20 लड़कें और 15 लड़कियां सम्मिलित है।


# 'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगी : आचार्य बालकृष्ण

## पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, (केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन) के तत्वाधान में भारत मण्डपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगी हैं, जिनमें विश्वस्तरीय ज्ञानपरक साहित्य सुलभ हो पाता है। पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है।

योग के विषय में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गौरव की बात है कि योग की स्वीकार्यता आज पूरे विश्व में हो गई है। पूरे विश्व में विभिन्न भाषा-भाषी लोग समान रूप से किसी शब्द के अर्थ को जानता है तो वह योग है। योग के व्यापक गहन अर्थ को न भी जानते हों तो वह इतना तो जानते हैं कि यह कुछ ब्रिदिंग एक्सरसाइज, फिजिकल एक्सरसाइज, कुछ आसन, प्राणायाम के विषय में है।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आयुर्वेद के रूप में स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर जो कार्य होना




पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मण्डपम में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया।

चाहिए था, वस्तुतः वह नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अपने आप में सम्पूर्ण विज्ञान है। आयुर्वेद स्वतंत्र है तथा इसकी किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं है। दैनन्दिन जीवन में एलोपैथी सिंथेटिक औषधी के रूप में है। आयुर्वेद हमारे जीवन में रचा-बसा है जबकि एलोपैथी मजबूरी है। आयुर्वेद को यदि औषधि विज्ञान या जड़ी-बूटी के रूप में व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो इसके लिए और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमें सिखाता है कि हमें प्रकृति के अनुरूप पदार्थों का उपयोग करते हुए प्रकृति के अनुकूल जीवन यापन का प्रयास करना चाहिए।

आचार्य ने बताया कि पतंजलि ने

- **आयुर्वेद स्वतंत्र है, इसकी किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं : आचार्य बालकृष्ण**
- **'वर्ल्ड हर्बल इन्साइक्लोपीडिया तथा सौमित्रेयनिदानम् आयुर्वेद के महाग्रंथ'**
- **पतंजलि ने योग, आयुर्वेद, अनुसंधान, शिक्षा, चिकत्सा व प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों व ग्रंन्थों का किया प्रकाशन**

वर्ल्ड हर्बल इंसाइक्लोपीडिया के रूप में एक महाग्रंथ का प्रकाशन किया है जिसमें 32 हजार औषधीय पौधों का सचित्र वर्णन है। इससे पहले केवल 12 हजार औषधीय पौधों की जानकारी ही उपलब्ध थी। इसके अतिरिक्त हमने आयुर्वेद आधारित पुस्तक सौमित्रेयनिदानम् का प्रकाशन किया जिसके द्वारा हमने संसार में पनप रहे नए रोग, नए विकार, नई व्याधियों का नवायुगाचार के अनुरूप स्वरूप, लक्षण व निदान सचित्र प्रस्तुत कर एक चूनौतिपूर्ण कार्य किया है। इसमें शरीर संरचना के आधार पर 14 खण्डों में विभाजित करते हुए 6821 श्लोकों में 471 मुख्य व्याधियों सहित लगभग 500 व्याधियों का सचित्र वर्णन किया गया है। साथ ही ग्रन्थ के माध्यम से आयुर्वेद की परम्परा में प्रथम बार 2500 से भी अधिक चिकित्सकीय अवस्थाओं का वर्णन किया गया है।

आचार्य ने कहा कि हमने पतंजलि के माध्यम से योग, आयुर्वेद, शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान, प्राचीन पाण्डुलिपि आधारित ग्रंथ तथा प्रेरणादायक आध्यात्कि पुस्तकों का प्रकाशन किया है। साथ ही भारतीय शिक्षा बोर्ड के अन्तर्गत स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था की नींव रखते हुए कक्षा-1 से कक्षा-10 तक के पाठ्यक्रम का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

# 'झूठे वादे और आश्वासन देने वालों को दिल्ली की जनता ने दिया करारा जवाब'

**जयपुर।** प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को जनता की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओ की मेहनत का नतीजा है। दिल्ली की जनता ने झूठे वादे करने और आश्वासन देने वालो को कडा जवाब दिया है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता के विवेक, साहस और संकल्प की जीत है। लंबे समय से दिल्ली की जनता एक ईमानदार और विकासोन्मुख सरकार की प्रतीक्षा कर रही थी, और आखिरकार उन्होंने भाजपा को सत्ता सौंपकर उस इंतजार को समाप्त किया। यह जनता की जीत है जिसने अपने भविष्य के लिए सही निर्णय लिया है, और यह फैसला दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

मदन राठौड़ ने इस जीत को दिल्ली के जन-जन की आशाओं और आकांक्षाओं की जीत करार दिया, जिनकी आवाज़ को बरसों से अनसुना किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह जीत उस ''महाठग कंपनी'' से आजादी की जीत है जिसने बरसों तक दिल्ली की जनता को छलने का काम किया। आम

- **पीएम मोदी के नेतृत्व और उनकी नीतियों पर फिर जताया भरोसा : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**

आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल की सरकार ने केवल वादे किए, लेकिन उनके शासन में दिल्लीवासी भ्रष्टाचार, घोटालों और असफलताओं के जाल में फंसते चले गए। जनता ने अपने विवेक से उस ठग व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंका है, और अब दिल्ली एक नई दिशा में आगे बढ़ने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल नारों और भाषणों के बल पर नहीं, बल्कि अपने कामों और नीतियों से जनता का दिल जीता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों ने विकास और प्रगति की दिशा में जो कदम बढ़ाया है, वह केवल एक शुरुआत है। दिल्ली अब विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होने बताया कि अब यमुना नदी की सफाई का कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा और यह मुद्दा भाजपा सरकार की प्राथमिकता में रहेगा। केजरीवाल सरकार ने यमुना की सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। अब दिल्ली के लोग भाजपा के नेतृत्व में देखेंगे कि कैसे वास्तविक कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति का शुद्धीकरण शुरू हो चुका है। एक बेईमान सरकार को हटाकर दिल्ली की जनता ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता की मेहनत की कमाई को अपना महल बनाने में लगा दिया। अब जबकि सरकार बदल चुकी है, जनता के पैसे का हिसाब होगा और शीशमहल का भविष्य तय किया जाएगा। यह संभव है कि इसे या तो जनता के हितकारी कार्यों में उपयोग किया जाए या इसे ध्वस्त कर दिया जाए। भ्रष्टाचारियों के लिए जेल ही एकमात्र जगह होगी और उन्हें जनता के पैसों का पूरा हिसाब देना होगा।मदन राठौड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने लंबे समय तक झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित किया। इडी और सीबीआई के जांच को राजनीतिक षड्यंत्र बताकर अपनी करतूतों को छिपाने की कोशिश की गई।

लेकिन न्यायालय की कड़ी फटकार के बाद भी इन नेताओं के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जनता ने अंततः इनकी असलियत को पहचान लिया और इन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया।

# कपड़े की दुकान में हुई 15 लाख की चोरी की वारदात का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## पैसों की तंगी और शौक के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में कपड़ों की दुकान में चोरी कर लाखों रुपए चोरी करने के मामले का शनिवार को कोतवाली थाने के सीओ रूद्रप्रकाश शर्मा ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। वारदात से पहले चोरों ने मंदिर जाकर मन्नत मांगी। मन्नत पूरी होने पर चोरी की गई रकम में से एक लाख रुपए मंदिर में चढ़ावा चढ़ाया और भंडारा भी किया। साथी ने अपने बेटे के मुंडन में जीमण भी किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में इसका खुलासा किया है। मामले में एक अन्य चोर को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग में ली गई एक बाइक और करीब चार लाख रुपए नगदी बरामद की है।





पुलिस ने कपड़े की दुकान में हुई चोरी के मामले में चोरों को गिरफ्तार कर रकम बरामद की।

- चोरी की वारदात से पहले चोरों ने भीलवाड़ा के प्रसिद्ध मंदिर में मन्नत मांगी थी
- मन्नत पूरी होने पर चोरी की रकम में से एक लाख रुपए मंदिर में चढ़ावा दिया
- तीनों से चोरी के 4 लाख रुपए और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की

कोतवाली थाने के सीओ रूद्रप्रकाश शर्मा शनिवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि 19 जनवरी को फॉयसागर रोड निवासी दुकानदार नवनीत सिंहल ने चोरी का मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया था कि पुरानी मंडी में धनलक्ष्मी राजपूती फैशन के नाम से उनकी दुकान है। 18 जनवरी की रात दुकान मंगल (बंद) कर अपने घर गए थे। अगले दिन सुबह स्टाफ ने फोन कर बताया कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं। गल्ले से 15 लाख रुपए गायब थे। सीओ शर्मा ने बताया कि दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी चेक करने पर तीन नकाबपोश बदमाश शटर तोड़ते दिखाई दे रहे थे।

बाइक के नंबर नजर आ रहे थे। पुलिस टीम 200 से ज्यादा सीसीटीवी चेक करते हुए झालावाड़ पहुंची। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। इसके बाद टीम ने कोटा, बूंदी, देवली, टोंक, निवाई व जयपुर में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर फागी (जयपुर) पहुंची टीम ने मुख्य आरोपी हनुमान रेगर पुत्र स्वरूप को पकड़ा। हनुमान फागी का ही रहने वाला है, उससे पूछताछ के बाद अजमेर निवासी कन्हैयालाल उर्फ कान्हा पुत्र कालूराम और महेंद्र पुत्र रामदेव को गिरफ्तार कर लिया। तीनों चोरी की वारदात करना कबूल किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश चौधरी ने बताया कि तीनों से चोरी के 4 लाख 7500 रुपए और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। तीनों ने चोरी की रकम का आपस में बंटवारा किया था। हनुमान के कब्जे से करीब 1.50 लाख, कन्हैयालाल से 60 हजार और महेंद्र के कब्जे से 1.97 लाख बरामद किए गए हैं, शेष राशि के लिए पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वारदात का मुख्य आरोपी हनुमान रेगर है। उसने चोरी वाले दिन सुबह 18 जनवरी को भीलवाड़ा के प्रसिद्ध मंदिर में मन्नत मांगी थी कि चोरी में सफल हो गया तो मंदिर में एक लाख रुपए चढ़ाएगा और 50 हजार रुपए से भंडारा करेगा।

चोरी के चार दिन बाद मंदिर में गया और मन्नत पूरी की। चोर महेंद्र ने भी अपने गांव टाटोटी में 2 लाख का जीमण अपने बेटे के मुंडन पर किया। हनुमान को दिसंबर में भी 9 लाख की चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीनों पहले बेलदारी करते थे, पैसों की तंगी और शौक के चलते चोरी की वारदात की है। फिलहाल पुलिस पूछताछ में जुटी है।

# 12 लाख की नकदी सहित सोने और चांदी के जेवरात चोरी

## पूरा परिवार गत पांच फरवरी को कुंभ के लिए गया था, पिछे से हुई चोरी की वारदात



चोरी की वारदात के बाद घर में सामान बिखरा पड़ा है।

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाने से महज कुछ ही दूरी पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और लाखों की नगदी जेवरात चोरी कर ले गए। जैसे ही सूचना पुलिस महकमे को मिली तो हड़कंप मच गया। चोरी की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। चोरों ने बड़ी फुरसत में घर का ताला तोड़कर अलमारियों, संदूकों व बेड से सामान बिखेरकर नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। यही नहीं साथ में चोरों ने दूध व आटे के लड्डुओं का नाश्ता भी किया। घर पर लोगों के ना होने का फायदा उठाते हुए चोर ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

प्रागपुरा के रहने वाले सुभाष चंद्र पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पूरा परिवार 5 फरवरी बुधवार कुंभ के लिए गए हुए थे। जिस पर पीछे से चोरों ने सुनसान घर देखकर उसे निशाना बनाते हुए महंगे जेवरात व 12 लाख की नकदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया, जिसकी सूचना पड़ोसियों द्वारा दी गई, जिस पर 8 फरवरी को घर पहुंचे तो घर के कमरों के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। यह सब देख सारे परिवार की पैरों तले जमीन खिसक गई। चोर कमरों में रखी अलमारी और बक्सों के ताला तोड़कर सोने और चांदी के जेवरात और नगदी आदि उठा ले गए। वहीं थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि मौका मुआयना कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आईडाणा गाजण माता मंदिर में 37.51 लाख का शिखर कलश चढ़ेगा

**राजसमंद,** (निसं)। आईडाणा कस्बे में नवनिर्मित परिहार वंश कुलदेवी मां चामुण्डा (गाजण) माता मन्दिर में नवनिर्मित मंदिर के शिखर पर पांच दिवसीय दिवसीय कलश प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को भजन संध्या के साथ मूर्ति श्रृंगार एवं शिखर कलश की बोलियां लगाई गई।

श्री गाजण माता मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मीडिया प्रभारी राव दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि श्री गाजण माता मन्दिर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह फतावत, कोषाध्यक्ष जोरावरसिंह, सचिव ललीतसिंह के मुख्य आतिथ्य में बोलियों का शुभारंभ किया। इस सर्व प्रथम बोली का शुभारंभ माता रानी के तिलक चढ़ावे को लेकर लगाई गई। अन्तिम बोली तिलक की रावइन्द्र सिंह पिता भीमसिंह फतावत के नाम 1.65 लाख रही। इस तरह 37.51 लाख में राव शंकर सिंह प्रताप सिंह फतावत शिखर कलश चढ़ाएंगे। साथ ही मुख्य कलश के लिए शंकरसिंह/प्रतापसिंह फतावत ने 37 लाख 51 हजार की, पोशाक के लिए पारस कुंवर पत्नी लक्ष्मणसिंह नंगावत ने 5 लाख 71 हजार व 5 लाख 1 हजार के आभूषण स्वैच्छा से, माला के लिए श्रवणसिंह/नवलसिंह देवीदावत ने 2 लाख 1 हजार, तिलक के लिए इंद्रसिंह/भीमसिंह फतावत ने 1 लाख 6 हजार, चंवर के लिए किशोरसिंह/ भूरसिंह नंगावत ने 4 लाख 11 हजार, प्रथम भोग के लिए भोपालसिंह/ भवानीसिंह फतावत 6 लाख 21 हजार 111, प्रथम दर्शन के लिए धुलसिंह/ भानसिंह फतावत ने 2 लाख 31 हजार 111 की बोली लगाई।

# लिव-इन में रह रही महिला को पुलिस सुरक्षा देने के आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली एक महिला को हाईकोर्ट ने पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाने के आदेश जारी किए हैं। उसे पति ने घर से निकाल दिया था। इसके बाद वह प्रेमी के साथ लिव इन में रहने लग गई। परिजनों के डर से राजस्थान हाईकोर्ट में सुरक्षा की गुहार लगाई थी।

चित्तौड़गढ़ निवासी लक्ष्मी प्रजापत और छोटू सिंह ने राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट निखिल भण्डारी के मार्फत प्रार्थना पत्र पेश कर बताया कि वह आपस में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, लेकिन लक्ष्मी के पति व ससुराल पक्ष वालों से उन दोनों को जान व माल का खतरा लगातार बना हुआ है। लक्ष्मी का पति रोजाना शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करता था। लक्ष्मी के अपने पहले पति से दो बच्चे हैं, जो अभी उसके पति के साथ ही रह रहे हैं।

हाईकोर्ट में उन दोनों के एडवोकेट निखिल भण्डारी ने बहस करते हुए यह बताया कि चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक को यह आदेश दिया जाए कि वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले इन प्रेमी प्रेमिका को पुलिस सुरक्षा प्रदान करावे। एडवोकेट निखिल भण्डारी ने हाईकोर्ट के सामने यह भी बहस की कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में सभी नागरिकों को जीवन जीने तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मूलभूत अधिकार प्राप्त है और किसी के द्वारा भी इसका उल्लंघन व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन है। न्यायाधीश जस्टिस फरजंद अली ने सुनवाई करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले प्रेमी व प्रेमिका को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का आदेश पारित किया।

# भजन राम मेर...हो रहा लोकप्रिय

**जयपुर।** जयपुर शहर के सुरीले सिंगर केपी सक्सेना (पूर्व जज) का नया एलबम राम मेरे रिलीज हुआ। राम मेरे...भजन मुंबई के लता मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया। लिरिसिस्ट मीना सक्सेना लिखित इस भजन को मशहूर संगीतकार विक्रांत माथुर ने अपने कर्णप्रिय संगीत से संवारा है। सिंगर केपी सक्सेना की सुरीली आवाज में पिरोया यह भजन देश-दुनिया के तमाम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर काफी लोकप्रिय हो रहा है।

# प्रॉपर्टी विवाद में रिश्तेदारों पर सुसाइड के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एसएन मेडिकल कॉलेज के डॉ. तरूण कुमार के सुसाइड करने के प्रकरण में अब उनके रिश्तेदारों पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगा है। मृतक के भाई ने रिश्तेदारों पर प्रॉपर्टी विवाद के चलते आत्महत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के मार्फत रिपोर्ट दी है। मामले में एयरपोर्ट थाना पुलिस जांच कर रही है। डॉक्टर ने गत साल विषाक्त पदार्थ खाकर सुसाइड किया था।

- एसएन मेडिकल कॉलेज के डॉ. तरूण कुमार के सुसाइड करने का मामला
- कोर्ट से मिले इस्तगासे पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया

मामले में मूलत: जालोर जिले के भीनमाल लखारों का चौहटा वार्ड संख्या चार निवासी नरपत राज परमार पुत्र स्व. भंवर लाल परमार ने रिपोर्ट दी है। इसमें रेनू परमार निवासी गोकुलधाम सोसाईटी, कूड़ी भगतासनी हॉउसिंग बोर्ड, कुलदीप गहलोत निवासी बासनी, जेठमल निवासी लखारों का चौहटा, मस्जिद रोड, भीनमाल और प्रकाश बालोत निवासी रामदेव कॉलोनी गुन्दरिया, भीनमाल जालोर को नामजद किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के दो भाई थे। मृतक डॉ. तरूण कुमार व एवं स्व. जगदीश परमार। परिवादी के भाई जगदीश की मौत 23 जुलाई 2024 को हो गई थी। रेनु परमार परिवादी के भाई स्व. जगदीश की पत्नी है, जबकि कुलदीप गहलोत पत्नी का भाई है। जेठमल और प्रकाश मित्र है।

रिपोर्ट में इन लोगों पर पैतृक संपत्ति हड़पने की नीयत का आरोप लगाया है जिस कारण से डॉक्टर तरूण ने विषाक्त पदार्थ खाकर सुसाइड किया था। डॉक्टर तरूण एस. एन. मेडिकल कॉलेज में पी.एस.एस विभाग में सीनियर रेजिडेन्ट के पद पर कार्यरत थे तथा अपनी पत्नी अंजू निर्वाण एवं दो बच्चों के साथ डिफेन्स लैब रहते थे।

संपत्ति विवाद के चलते उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। संपत्ति के लिए नाजायज दबाव बनाया जाता था तथा तथा झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकीयां दी जाती थी। इन लोगों ने मिलकर डॉक्टर तरूण के खिलाफ एक रिपोर्ट भी भीनमाल में दर्ज कराई थी। मामला हाईकोर्ट तक जाने पर उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगाई थी, डॉक्टर तरूण काफी अवसाद में आ गए थे। जिसके बाद 3 मई 2024 की रात्रि को विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे तरूण कुमार का स्वास्थ्य एकदम बिगड़ गया एवं उल्टियां होनी शुरू हो गई। तरूण कुमार की ऐसी गंभीर स्थिति को देखकर पत्नी अंजू निर्वाण के द्वारा पूछे जाने पर तरूण कुमार ने बताया कि उसके द्वारा गलत दवाई का सेवन कर लिया गया है जिस पर तरूण कुमार की पत्नी एवं तरूण कुमार के दोस्त कालूराम भाटी के द्वारा तरूण कुमार को उपचार के लिए मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल ले जाते समय भी मृतक तरूण कुमार द्वारा बार बार अभियुक्तगणों का नाम लेते हुए यही कथन किया जाता रहा कि अभियुक्तगण द्वारा उसे बहुत ज्यादा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। 4 मई 2024 को डॉक्टर तरूण की मौत हो गई।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रानपुर पुलिस टीम ने इलाके में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थ स्मैक 180 ग्राम सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम करने हेतु नश्वर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शहर के समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

शहर एसपी ने बताया कि ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत रानपुर पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि रानपुर के पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी रामविलास मीणा मय जाब्ता पुलिस चौकी जगपुरा के सामने नाकाबंदी कर झालावाड़ की ओर से आने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। वाहन



नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा।

- पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को किया जब्त

चैकिंग के दौरान झालावाड़ की ओर से आने वाली मोटरसाइकिल जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। नाकाबंदी को देखकर चालक ने मोटरसाइकिल रोककर मोड़ने का प्रयास किया, उक्त दोनों व्यक्तियों पर संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर डिटेन कर तलाशी ली तो उनके पास मौजूद बैग से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 180 ग्राम मिली। पुलिस टीम ने मौकें पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला झालावाड़ के थाना इकलेरा निवासी तरूण कुमार यादव उर्फ आशू यादव एवं रोहित सेन को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये दोनों तस्करो से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान जारी है।

# दुकानदार से 15 लाख की रंगदारी मांगने के दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात के दौरान काम में ली गई डीजायर गाड़ी जब्त की

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के बडाऊ गांव के पंचायत भवन कार्यालय के पास स्थित मिठाई की दुकान पर दिनदहाड़े दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर 15 लाख रूपए की रंगदारी मांगने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात के दौरान काम में ली गई डीजायर गाडी जब्त कर ली। मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गांव में शिनाख्त परेड भी करवाई।

- मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर, पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाई
- बडाऊ गांव में मिठाई की दुकान पर तोड़फोड़ कर 15 लाख की रंगदारी मांगी थी

थानाधिकारी विजयसिंह चंदेल ने बताया कि बड़ाऊ गांव में जोधपुर मिठाई दुकान संचालक गंगासिंह ने गुरूवार को गांव के ही तीन युवक सुरेंद्र सिंह पुत्र तेजु सिंह राजपूत, सोहनसिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र मांगुसिंह व सोनू सिंह पुत्र मुन्नीसिंह के खिलाफ दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने व उधारी के पचास हजार रूपए मांगने व जान से मारने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों ने डीएसपी जुल्फीकार अली व थानाधिकारी विजयसिंह चंदेल के नेतृत्व में चार टिमों का गठन का आरोपियों की तलाश शुरू की। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए संदिग्ध स्थानों पर दबिस दी साथ ही तकनीकि उपकरणों का प्रयोग करते हुए खेतड़ी नगर व झुंझुनूं के विभिन्न स्थानों पर पिछा करते हुए संदिग्ध स्थानों पर दबिस दी गई। झुंझुनूं के गुढ़ा मोड़ के पास से बड़ाऊ निवासी सोनू सिंह (22) पुत्र मुन्नीसिंह राजपूत व सोहनसिंह उर्फ सोनू सिंह (22) पुत्र मांगु सिंह को दस्तायाब कर आरोपियों से वारदात के बारे में सख्ती से पूछताछ करने पर वारदात को कबूल करने पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी जब्त कर ली।

थानाधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने दुकान में तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम देकर भय का माहौल बनाया था जिसके चलते आमजन में विश्वास बनाये रखने के लिए दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ाऊ के नंगली सलेदीसिंह बस स्टैंड से आरोपियों को गांव के मुख्य बाजार होते हुए मिठाई की दुकान तक पैदल घुमाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यवाही से खुश होकर पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए। थानाधिकारी ने बताया कि सुरेंद्र सिंह को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# पनियाला गांव में दो साल से आम रास्तों के खस्ता हालात

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पनियाला में आम रास्तों पर किचड़ व नालियों का पानी जमा होने से ग्रामीणों का ना केवल घरों से निकलना दुभर हो रहा है, बल्कि बच्चों से लेकर बुढ़ों तक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मौसमी बीमारियों का भी खतरा मंडराने लगा है।

ग्रामीणों ने बताया कि आम रास्ते पर जलभराव के कारण बुजुर्ग व स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। आये दिन ग्रामीण इसमें गिरकर चोटिल होते रहते हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार नगर परिषद व जिला कलेक्टर से लेकर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय प्रशासन को शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

- आम रास्तों पर कीचड़ व नालियों का पानी जमा होने से ग्रामीण व बच्चे परेशान, मौसमी बीमारियों का भी खतरा मंडराने लगा है



पनियाला के आम रास्तों पर जमा कीचड़ लोगों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है।

चर्चा है कि नगरपरिषद् क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के नाम पर करोड़ों की घाल-मेल का खेल चल रहा है। अधिकारियों के हालात यह हैं कि सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग तो होती नही आये दिन बाजारों में बुलडोजर लेकर अनावश्यक रूप से व्यापारियों को अवैध अतिक्रमण के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसको लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश भी है।

# पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी की जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने जैसलमेर के नाचना थाना क्षेत्र से एक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है। उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था और पिछले दस महीने से फरार चल रहा था।

फलोदी एसपी पूजा अवाना के अनुसार आरोपी सुरेंद्र विश्नोई पर भोजासर थाने में 13.45 ग्राम एमडीएमए की अवैध सप्लाई का आरोप है। गत छह फरवरी को मिली सूचना के आधार पर एएसपी ब्रजराज सिंह चारण और सीओ संग्रामसिंह भाटी के निर्देशन में हैड कॉन्स्टेबल प्रदीप की टीम ने जीरो चक में छिपे आरोपी को दबोच लिया। यह मामला 28 मार्च 2024 को दर्ज एक प्रकरण से जुड़ा है, जिसमें रामदेव नगर के मुस्तकीम से 3.60 ग्राम स्मैक और 13.45 ग्राम एमडीएमए बरामद की गई थी। पूछताछ में पता चला था कि एमडीएमए की सप्लाई सुरेंद्र विश्नोई ने की थी। सुरेंद्र एक आदतन अपराधी है, जिस पर देचू थाने में आगजनी, फलोदी, लोहावट और ओसियां में चोरी के अलग-अलग मामले दर्ज हैं। प्रतापनगर में उस पर चोरी के चार अलग-अलग मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी प्रेमाराम की अगुवाई में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे और खुलासे की संभावना है।



मुझे कहा गया कि केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने यह नोटिस संजू सैमसन को सपोर्ट करने के लिए नहीं बल्कि एसोसिएशन के लिए गलत बयान देने और उसका अपमान करने के लिए भेजा गया है। -एस. श्रीसंत

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज,** सैमसन को ना खिलाने के फैसले पर सवाल पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### डी गुकेश



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम दौरे में अपने अभियान की शुरुआत तीन ड्रॉ और एक हार के साथ वह धीरे-धीरे नए प्रारूप के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के व्यवसायी जान हेनरिक ब्यूटनर के दिमाग की उपज फ्रीस्टाइल शतरंज प्रतियोगिता दुनिया की शीर्ष शतरंज संस्था फिडे के साथ टकराव के बावजूद पेशेवर शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक स्थायी टूर्नामेंट हो सकता है और दूसरी बाजी में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से हार गए। ग्रुप चरण में अभी पांच दौर बाकी हैं और अगले चरण में जाने के लिए गुकेश को दस प्रतिभागियों में से शीर्ष आठ में जगह बनाने की जरूरत है।

**क्या आप जानते हैं ?......** 8 अप्रैल, 1963 (8-4-63) को जन्म हुआ था इंग्लैंड के मशहूर विकेटकीपर-बल्लेबाज एलक स्टुअर्ट का। नोट कीजिए उनके टेस्ट रिकॉर्ड में 8463 रन हैं यानि कि ठीक जन्म वाली तारीख।

## 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल स्नूकर टूर्नामेंट 12 से

जयपुर, 8 फरवरी। स्वर्गीय रोशन लाल नैय्यर की स्मृति में आयोजित होने वाला 5वां रोशन लाल नैय्यर मेमोरियल स्नूकर टूर्नामेंट आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट राजस्थान बिलियर्ड्स स्नूकर एसोसिएशन के सहयोग से हो रहा है। यह टूर्नामेंट राजापार्क स्थित सिंह बिलियर्ड्स में 12 फरवरी से प्रारंभ होगा और लगभग 100 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों के लिए कुल 76,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 31,000, द्वितीय स्थान को 15,000, जबकि सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों के लिए भी आकर्षक इनाम रखे गए हैं। इसके अलावा, टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर और बेस्ट ब्रेक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार राशि है। स्वर्गीय रोशन लाल नैय्यर के पुत्र, रवि नैय्यर ने बताया कि इस आयोजन में जयपुर के बाहर से भी खिलाडी हिस्सा ले रहे है। यह आयोजन लगभग 10 दिनों तक चलेगा और इसे लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### जयपुर जिला क्रिकेट संघ

## जयपुर ब्लूज नीरजा मोदी एकेडमी को 10 विकेट से हराया



जयपुर, 8 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर ब्लूज ने नीरजा मोदी एकेडमी को 10 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर जयपुर ब्लूज ने टॉस जीतकर पहले नीरजा मोदी एकेडमी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। नीरजा मोदी एकेडमी की त्रिलोक सैनी 13 रन, तरुण शर्मा 19 रन, मानेंद्र सिंह के 24 रन, चिराग शर्मा के 21 रन, सिद्धांत शर्मा के 23 व कार्तिक बदलनी के 18 रनों से 38.4 ओवर में मात्र 157 रनों पर सिमट गई। जयपुर ब्लूज के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मेहुल पारीक ने 38पर 4, लखन भारती ने 21 पर 2, शुभम सिंह पटवाल ने 37 पर 2, निखिल शर्मा व प्रखर शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर ब्लूज ने हर्ष यादव के नाबाद 83 रन व सचिन जाट के नाबाद 60 रनों से 26.5 ओवर में बिना विकेट 158 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की।10 फरवरी को चम्बल स्पोर्ट्स क्लब बनाम राजीव गांधी क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

## स्टीव स्मिथ ने रचा कीर्तिमान, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये कमाल करने वाले एकलौते खिलाड़ी बने



नई दिल्ली, 8 फरवरी। भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में फॉर्म हासिल करने वाले स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में गर्दा उड़ा दिया है। बीजीटी में टीम इंडिया की मगर तोड़ने के बाद ये धाकड़ खिलाड़ी इस समय श्रीलंका दौरे पर टीम की कमान संभाले हुआ है। यहां भी स्मिथ का ताबड़तोड़ प्रदर्शन जारी है। गाले में खेल जा रहे दूसरे टेस्ट के दौरान स्टीव स्मिथ ने नाम सिर्फ शतक जड़ा बल्कि ऐलेक्स कैरी के साथ डबल सेंचुरी पार्टनरशिप कर टीम को मजबूत स्थिति में भी पहुंचाया।ऐलेक्स कैरी ऐसे 11वें खिलाड़ी बने हैं जिसके साथ स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में डबल सेंचुरी पार्टनरशिप की है और वह इतने खिलाड़ियों के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं।

एक नजर स्टीव स्मिथ के साथ डबल सेंचुरी पार्टनरशिप करने वाले खिलाड़ियों पर डालें तो इस लिस्ट में सबसे पहला नाम पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का है, इस पूर्व खिलाड़ी के साथ स्टीव स्मिथ ने 2013 में पहली दोहरी शतकीय साझेदारी की थी।वहीं एडम वोगेस, शॉन मार्श और उस्मान ख्वाजा के साथ स्टीव स्मिथ ये कारनामा 2-2 देशों के खिलाफ कर चुके हैं। ट्रेविस हेड के साथ तो उन्होंने भारत के खिलाप दो बार दोहरी शतकीय साझेदारी की है।वहीं मुकाबले की बात करें तो, दूसरे टेस्ट में भी श्रीलंका की टीम पिछड़ती हुई दिखाई दे रही है। पहले बैटिंग करते हुए मेजबान टीम 257 पर ढेर हो गई। जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 367 रन बोर्ड पर लगा चुकी है। कप्तान स्टीव स्मिथ 131 रन बनाकर आउट हुए।

## शाहनवाज खान, वैष्णवी और ऋषिता राय ने दिलाए उत्तर प्रदेश को स्वर्ण

लखनऊ, 8 फरवरी। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश को एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक शाहनवाज खान ने दिलाया। इससे पहले, शुक्रवार रात हुई प्रतियोगिताओं में ताइक्वांडो में वैष्णवी और ऋषिता राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को उत्तर प्रदेश ने तीन स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीते। अब तक उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में 10 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कांस्य सहित कुल 28 पदक अपने नाम किए हैं। देहरादून में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लांग जंप स्पर्धा में शाहनवाज खान ने 7.70 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में तमिलनाडु के श्रीराम वी. (7.59 मी.) ने रजत और केरल के अनुराग सीवी (7.56 मी.) ने कांस्य पदक हासिल किया।

# सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा भारत



कटक, 8 फरवरी। श्रृंखला के शुरूआती मैच में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित भारत रविवार को बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे मैच में रविवार को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा वहीं मेहमान इंग्लैंड सीरीज को जीवित रखने के लिए पुरजोर कोशिश करेगा।

नागपुर में पहले वनडे में आसान जीत हासिल करने के बाद, भारतीय टीम मुकाबले में लय के साथ उतरेगी। हालाँकि, कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले केवल दो मैच बचे हैं और सलामी बल्लेबाज अपनी फार्म को वापस पाने के लिये बेकरार होगा। रोहित ने मैच से पहले कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि हम यह सुनिश्चित करते रहें कि हम जितनी बार संभव हो सही चीजें करें।

ऐसा कुछ भी खास नहीं है जिसे हम हासिल करना चाहते हैं। हम सिर्फ गेंदबाजी, बल्लेबाजी और अन्य पहलुओं को चुस्त दुरुस्त और अधिक बेहतर रखना पसंद करेंगे। नागपुर में पदार्पण मैच पर प्रभावित करने वाले युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा अपने प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहेंगे। हालाँकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने उन्हें शुरू में ही दबाव में डाल दिया था, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मेहमान टीम को 248 रन पर रोक दिया।

दूसरे वनडे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के खिलाफ उनकी भूमिका अहम साबित हो सकती है। रन मशीन विराट कोहली की वापसी से भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

अनुभवी बल्लेबाज घुटने में दर्द के कारण पहला वनडे नहीं खेल सके और इस मैच में उनकी भागीदारी की अभी भी साफ नहीं हुई है। यदि वह लौटते हैं, तो टीम प्रबंधन को कठिन निर्णय का सामना करना पड़ेगा कि किसे बाहर रखा जाए, क्योंकि उनकी जगह लेने वाले श्रेयस अय्यर ने सफल रन चेज़ में शानदार अर्धशतक बनाया है।


## टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने किए भगवान जगन्नाथ के दर्शन

कटक, 8 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच कटक में दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें बाराबती स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। वहीं, इससे पहले भारतीय टीम के 3 खिलाड़ियों ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया। इन खिलाड़ियों में वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल का नाम भी शामिल है। तीनों खिलाड़ियों ने पूरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जनन्नाथ का आशीर्दवाद लिया। पुरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने के बाद तीनों खिलाड़ी कट के लिए रवाना हो गए।

## दूसरे वनडे में बारिश डालेगी बाधा?

कटक, 8 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें कटक के बाराबती स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। भारतीय समयनुसार मुकाबला दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 3 वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। बहरहाल कटक में भारत सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। वहीं जोस बटलर की इंग्लैंड सीरीज बराबर करना चाहेगी। लेकिन इससे पहले फैंस के जेहन में सवाल है कि कटक का मौसम कैसा रहेगा? इस मुकाबले के दिन कटक का मौसम बड़ी भूमिका रहेगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना एक चुनौती: शरीफ



लाहौर, 08 फरवरी। चैंपियंस ट्राफी का खुमार पाकिस्तान में चरम पर है और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी 19 फरवरी से शुरु होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ से अछूते नहीं है। शरीफ ने शुक्रवार रात लाहौर में नये सिरे से तैयार गद्दाफी स्टेडियम के उदघाटन के अवसर पर कहा कि भारत को हराना आसान नहीं होगा और पड़ोसी देश को क्रिकेट के मैदान पर शिकस्त देने के लिये पाकिस्तान की टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

गौरतलब है कि चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान की भारत से भिड़ंत 23 फरवरी को दुबई में होगी। शरीफ ने कहा, हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है।

पाकिस्तान आज त्रिकोणीय श्रृखंला में न्यूजीलैंड का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने भारत को आखिरी बार 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हराया था। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन के रूप में भाग लेगा। उसने इससे पहले 2017 में इंग्लैंड में आयोजित किए गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी।

शरीफ ने कहा, यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा अवसर है क्योंकि हम लगभग 29 साल के बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम चैंपियंस ट्रॉफी में भी देश का सिर ऊंचा करेगी। गद्दाफी स्टेडियम का नवीनीकरण का कार्य 117 दिन में पूरा किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध गायक अली जफर, आरिफ लोहार और आइमा बेग ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।

## कटक वन-डे के लिये कोहली फिट



कटक 8 फरवरी। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इंग्लैंड के ख़िलाफ़ रविवार को खेले जाने वाले दूसरे एक दिवसीय मैच के लिये फिट घोषित कर दिया गया है। घुटने की चोट के चलते कोहली पहला वनडे नहीं खेल सके थे। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय टीम के बल्लेबाज़ी कोच सितांशु कोटक ने पत्रकारों से कहा कोहली फ़िट हैं और वह आज हमारे साथ अभ्यास करेंगे।कोहली की टीम में वापसी की दशा में अंतिम एकादश में किसी एक बल्लेबाज को अब बेंच पर बैठना पड़ेगा। इनमे यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर में से किसी एक का चुनाव किया जा सकता है। इसके साथ ही विराट के लिये अच्छा प्रदर्शन करना एक चुनौती होगा। विराट का बल्ला एक जमाने से खामोश चल रहा है।

## श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया जीत के करीब

गॉल 8 फरवरी। मैथ्यू कुनमन (52 रन पर चार विकेट) और नेथन लॉयन (80 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को मेजबान श्रीलंका के आठ विकेट मात्र 211 रन पर झटक कर अपना शिकंजा कस लिया है।

मेजबान टीम ने अब तक महज 54 रन की मामूली बढ़त हासिल कर सकी है। आस्ट्रेलिया की कोशिश श्रीलंका की दूसरी पारी को जल्दी समेटकर श्रृंखला 2-0 से जीतने के लिए लक्ष्य का पीछा करने की होगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे। श्रीलंका ने एक समय 81 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिससे ऐसा लग रहा था कि उसे तीन दिन में एक और पारी की करारी हार का सामना करना होगा मगरर एंजेलो मैथ्यूज (76) ने अर्धशतकीय पारी खेल कर श्रीलंका की उम्मीदों को जिंदा रखा। उन्होंने धनंजय डी सिल्वा के साथ 48 रन की साझेदारी की और कुसल मेंडिस के साथ 70 रनों की साझेदारी निभाई।

उनके स्टंप तक डटे रहने की उम्मीद थी लेकिन दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले उनकी चुनौती समाप्त हो गई जब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया, लेकिन फाइन लेग पर ब्यू वेबस्टर द्वारा शानदार कैच लपका गया।

## अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने पर भारत के जूनियर एथलीट्स को नहीं मिलेगा नकद पुरस्कार

नई दिल्ली, 8 फरवरी। अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने वाले जूनियर और सब जूनियर एथलीट्स को अब सरकार से नकद पुरस्कार नहीं मिलेंगे। दरअसल, ये बदलाव 1 फरवरी 2025 से लागू हो गया है। खेल मंत्रालय के इस बड़े नीतिगत बदलाव का उद्देश्य डोपिंग और आयु धोखाधड़ी के दोहरे खतरे से निपटना है और साथ ही युवाओं की भूख को जीवित रखना है। पुरानी प्रणाली के अनुसार जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलीट को लगभग 13 लाख रुपये मिलते थे, जबकि एशियाई या राष्ट्रमंडल में पोडियम पर टॉप स्थान प्राप्त करने वाले एथलीट को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलता था।खेल मंत्रालय के एक पदाधिकारी ने बताया कि इस निर्णय के पीछे एक प्रमुख कारक जूनियर प्रतियोगिताओं को पोडियम फिनिश के बजाय विकासात्मक आयोजनों के रूप में बढ़ावा देना था। अधिकारी ने कहा कि, हमने देखा है कि केवल भारत ही ऐसे मॉडल का अनुसरण करता है जहां जूनियर चैंपियनशिप को ज्यादा महत्व दिया जाता है। नतीजतन, हमने देखा है कि एथलीट इस स्तर पर इतनी मेहनत करते हैं कि जब तक वे एलीट स्टेज पर पहुंचते हैं तब तक वो या तो थक जाते हैं या उनकी भूख खत्म हो जाती है। इसके साथ ही, खेल मंत्रालय ने मल्लखंब, ई-स्पोर्ट्स और यहां तक कि आलोचकों के निभाने पर आ रहे ब्रेक-डासिंग के वर्ल्ड और महाद्विपीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार मिलने का पात्र बना दिया है। खेल मंत्रालय ने 51 खेलों की एक सूची जारी की है जिनमें पदक जीतने वाले नकद पुरस्कार के लिए पात्र होंगे।

## राजस्थान मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन, सचित गुप्ता व मनीषा जैन बने चैंपियन



जयपुर, 8 फरवरी। प्रतियोगिता के संयोजक दीपांक दास के अनुसार आज सवाई मानसिंह स्टेडियम में संपन्न हुई राजस्थान राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर के सचित गुप्ता ने जयपुर के ही प्रतीक शर्मा को 2-0 से परास्त कर पुरुष 40 प्लस वर्ग का खिताब जीता वही महिला वर्ग में मनीषा जैन जयपुर ने रुचि गुप्ता जयपुर को 2-0 से परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। संपन्न हुए अन्य मुकाबले में पुरुष 50 वर्ग में मनमोहन सिंह रावत ने श्याम सुंदर चौहान को 2-1 से पराजित कर खिताब जीता।पुरुष 60 प्लस वर्ग में विनोद जांगिड़ ने राजीव गुप्ता को 2-1 से हराकर विजय हासिल की ।पुरुष 65 प्लस वर्ग में श्री कृष्णा माहेश्वरी ने राजीव अग्रवाल को 2-0 से पराजित कर खिताब जीता। पुरुष डबल्स 40 प्लस कैटेगरी में सचित गुप्ता व चंद्रभान ने प्रतीक शर्मा व अजय नायर को 2-0 से परास्त कर खिताब जीता।

पुरुष युगल 60 प्लस में विनोद जांगिड़ व श्री कृष्णा माहेश्वरी ने अनिल मल्होत्रा व तिलोकचंद को 2-0 से पराजित कर खिताब जीता। मिश्रित युगल मुकाबले में सचित गुप्ता व संगीता ने श्रीकिशन माहेश्वरी व रुचि गुप्ता को 2-1 से पराजित कर विजय हासिल की। प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव अजय ओझा ने किया।

## दुबई में हुआ इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण

दुबई, 8 फरवरी। दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) ट्रॉफी का अनावरण किया गया। चैंपियनशिप तीन से 12 मार्च 2025 तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जायेगी, जिसमे अलग-अलग महाद्वीपों से छह टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें अफ्रीका लायंस, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो ग्लैडीएटर्स, कैरेबियन हरिकेन्स और ट्रांस टाइटन्स शामिल हैं। ट्रॉफी के अनावरण समारोह का आयोजन लीग के आधिकारिक प्रबंधक 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया।


समारोह के दौरान उमेश कुमार, विधायक (खानपुर, उत्तराखंड) आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज व आईएलसी के प्रमोटर हर्शेल गिब्स, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल और 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक रविंद्र भाटी उपस्थित रहे।

प्रदीप सांगवान ने कहा , यह लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल प्रेमियों को एक मंच से जोड़ने का माध्यम है। भारत से शुरू होकर दुनिया भर के विभिन्न महाद्वीपों में यात्रा करने वाली यह लीग कई मायनों में खास है। इसका दृष्टिकोण खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना की एक नई अलख जगाएगा।

## सीएस चैलेंजर कप प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर, 8 फरवरी। सी एस चैलेंजर कप प्रतियोगिता का आयोजन एसएमएस स्टेडियम एवं जय क्लब में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर नीरज के पवन, खेल एवं मामलात विभाग, मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नागरिक अधिकार एवं मानव तस्करी निरोधक, जयपुर राजस्थान सरकार सम्मिलित हुए।

कार्मिक विभाग द्वारा जयपुर में आयोजित षष्ठम राज्य स्तरीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं दशम राज्य स्तरीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के लीग नॉकआउट के आधार पर कुल 44 मैचों का आयोजन एसएमएस स्टेडियम



एवं जय क्लब में करवाया गया।

बैडमिंटन में महिला वर्ग की प्रतिभागी 10 टीमों में से राजस्थान लेखा सेवा, पशुपालन विभाग की टीमें सेमीफाइनल में प्रविष्ट हुई तथा पुरुष वर्ग से भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पशुपालन सेवा, राजस्थान लेखा सेवा एवं राजस्थान मेडिकल सेवा की टीमें प्रतिस्पर्धा में विजयी होकर सेमीफाइनल में प्रविष्ट हुई।

## दूसरी बार पिता बने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, पत्नी बेकी ने दिया बेटी को जन्म

नई दिल्ली, 8 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान पैट कमिंस के घर दूसरी बार किलकारियां गूंजी है। उनकी पत्नी रेबेका ने नन्ही परी को जन्म दिया है। कपल ने अपनी बेटी का नाम एडी रखा है। वहीं इस कपल ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानाकारी दी है। बेकी ने अपनी नवजात बेटी के साथ एक तस्वीर इस दौरान शेयर करते हुए लिखा कि, वह आ गई है।

हमारी खूबसूरत बच्ची एडी... हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते है कि हम इस समय कितने खुश और प्यास से भरे हुए हैं।ऑस्ट्रेलियाई टीम इस समय श्रीलंका दौरे पर हैं और कप्तान पैट कमिंस पैटरनिटी लीव पर हैं। वह क्रिकेट के साथ-साथ अपने परिवार को भी प्राथमिकताा देना चाहते हैं।

## जयपुर लीला की जीत में शमशीर ने 3, वाटसन ने 5 गोल किये, अचीवर्स के बटिस्टा ने 4 और सुहाना के मतिआस ने हैट्रिक लगाई

### जयपुर पोलो सीजन 2025, द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल)



जयपुर, 8 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल) में आज दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। दोनों मैच रामबाग पोलो ग्राउंड पर खेले गए। रामबाग पोलो ग्राउंड पर पहला सेमीफाइनल मैच सुहाना और डायनामिक्स अचीवर्स के बीच खेला गया जिसमें सुहाना ने डायनामिक्स अचीवर्स को 7-5 से हराया।

सुहाना की ओर से मतिआस ओर ध्रुवपाल गोदारा ने 3-3 गोल किये, अंगद कलान ने 1 गोल किया। सुहाना की ओर से मतिआस ने चौथे चक्कर में हैट्रिक कर टीम को जीताया। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से नवीन सिंह ने 1 और बटिस्टा ने 4 गोल किए।

दूसरा सेमीफाइनल मैच जयपुर लीला बनाम वी/डेल्टा पोलो के बीच खेला गया जिसमे जयपुर लीला ने वी/डेल्टा पोलो को 9-7 से हराया। जयपुर लीला की ओर से शमशीर अली ने 3, लांस वाटसन ने 5 और महाराज पदमनाभ सिंह ने 1 गोल कर अपनी जीत पक्की की। वी/डेल्टा पोलो की ओर से विश्वरूप ओर सेंटियागो ने 3-3, हुर्र अली ने 1 गोल किया।

## राजस्थान कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का भव्य स्वागत




जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर कुश्ती संघ द्वारा नई मण्डी स्थित यश अग्रवाल के निजी फार्म हाउस पर किया गया। भरतपुर कुश्ती संघ द्वारा सर्वप्रथम रारह बार्डर पर दत्ता का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरान्त 17 बार राजस्थान केसरी व इण्डिया गोल्ड मेडलिस्ट हाथी पहलवान के अखाडे पर पहलवानों द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत क्रम में सर्वप्रथम राजस्थान कुश्ती संघ के कोष अध्यक्ष व भरतपुर युवा उद्योगपति व खेल प्रेमी यश अग्रवाल द्वारा दुपट्टा व चांदी का साफा पहनाकर भरतपुर की अजेय भूमी पर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में सभी भरतपुर के खलीफाओं और पहलवानों द्वारा 51 किलो की माला से स्वागत कार्यक्रम को आगे बढाया गया।

यश अग्रवाल ने स्वागत भाषण में बताया कि कुश्ती हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुडा हुआ खेल है इससे कुश्ती खिलाडी व कुश्ती को नई ऊर्जा और ऊंचाईयां प्राप्त होंगी।

### 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

## अजय का नाबाद अर्धशतक तथा भूमिक पंवार की गेंदबाजी से अरावली फाइनल में



जयपुर, 8 फरवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट ग्राउण्ड, हाथोज में खेले गये सेमी फाईनल मुकाबले में विकेट कीपर बल्लेबाज अजय 102 रन नाबाद (54 गेंद 13 चौके 6 छक्के) की शतकीय पारी प्रशान्त माली 59 रन नाबाद व 14 रन पर 1 विकेट का आल राउण्ड प्रदर्शन तथा भूमिक पंवार 32 रन पर 4 विकेट व दानिश भाम्बू 35 रन पर 3 विकेट की घातक गेंदबाजी की मदद से राजस्थान यूथ को 9 विकेट से हरा कर फाईनल में प्रवेश कर लिया।

टॉस जीत राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब में पहले बल्लेवाजी करते हुए भूवनेश शर्मा 48 रन, मुकीम 44 रन, लोकेश सैनी 21 रन, संजय महावर 14 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अरावली के गेंदबाजों भूमिक पंवार 32 रन पर 4 विकेट, दानिश भाम्बू 35 रन पर 4 विकेट, प्रशांत माली 14 रन पर 1 विकेट, अमन मीणा 14 रन पर 1 विकेट, हार्दिक मेवाड़ा 35 रन पर 1 विकेट के समक्ष नही टिक सके और पूरी टीम 38.4 ओवर में 176 रन पर सिमट गई।

जवाबी पारी में अरावली क्रिकेट क्लब के विकेट कीपर बल्लेबाज अजय 102 रन नाबाद, प्रशान्त माली 59 रन नाबाद ने मिलकर दूसरे विकेट पर 162 रन की नाबाद साझेदारी निभाकर अपनी टीम को आसानी से 9 विकेट से जीत दिलाकर फाईनल में पहुंचा दिया। राजस्थान यूथ की ओर से एकमात्र सफल गेंदबाज अनुज रहे जिन्होने 43 रन देकर पारी का एक मात्र आउट हुये अमित भारद्वाज का विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अजय अरावली क्रिकेट क्लब रहें।

## मुकुंद, रामकुमार और करण बनेंगे दिल्ली ओपन की शान

नई दिल्ली, 8 फरवरी। डेविस कप खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और करण सिंह को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट दिल्ली ओपन के पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गयी है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों एवं विधायकों ने शनिवार (एकादशी) को प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी घाट संगम में स्नान किया।

# प्रयागराज में मंत्रिपरिषद : मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिये 101 करोड़ रूपए स्वीकृत

- **मंत्रिपरिषद ने अंशकालीन पुजारियों का मानदेय बढ़ाकर 7,500 रूपए प्रतिमाह किया।**

प्रयागराज/ जयपुर, 8 फरवरी। महाकुम्भ में संगम स्थल पर स्नान के बाद प्रयागराज स्थित राजस्थान मंडपम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली प्रचण्ड एवं ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए बैठक में उनका आभार प्रकट किया गया। 144 वर्ष के अंतराल पर हो रहे महाकुंभ के दौरान आयोजित इस बैठक में देवस्थान विभाग से जुडे कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए।

मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग के प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 390 मंदिरों एवं आत्म निर्भर श्रेणी के 203 मंदिरों में सेवा पूजा, भोग, प्रसाद, उत्सव, पोशाक, जल एवं प्रकाश, सुरक्षा संचालन व्यवस्था आदि के लिए भोगराशि को दोगुना करते हुए 3 हजार रुपए प्रति मंदिर प्रति माह किए जाने का निर्णय लिया गया। एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए देवस्थान विभाग में प्रत्यक्ष प्रभार एवं आत्म निर्भर मंदिरों में कार्यरत अंशकालीन पुजारियों को दिए जा रहे मानदेय को 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह करने की स्वीकृति प्रदान की गई। देवस्थान विभाग के प्रबंधित एवं नियंत्रित राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार के 6 मंदिरों तथा आत्म निर्भर श्रेणी के 26 मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिये 101 करोड रुपए दिए जाएंगे। राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों का सर्वे करवाते हुए इनकी वास्तविक संख्या पता कर इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। जीर्ण-शीर्ण हो चुके ऐसे मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड रुपए दिए जाएंगे। इन निर्णय की स्वीकृति भी मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदान की गई।

## याचिकाकर्ता से कम अंक वाली अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक

- **हाई कोर्ट ने महिला एवं बाल विकास के सचिव व निदेशक तथा कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को नोटिस जारी किये।**

जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला पर्यवेक्षक भर्ती-2024 में याचिकाकर्ता से कम अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में महिला एवं बाल विभाग सचिव, निदेशक और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश रेणु की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 13 फरवरी को महिला पर्यवेक्षक के पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता ने ईडब्ल्यूएस वर्ग में आवेदन किया था। याचिकाकर्ता के भर्ती में अधिक अंक आने और उसके पास दस साल का अनुभव होने के बावजूद उसे नियुक्ति नहीं दी गई। जबकि याचिकाकर्ता से कम अंक वाले दूसरे अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है। ऐसे में उसे नियुक्ति से वंचित रखना गलत है। इसलिए याचिकाकर्ता को इस पद पर नियुक्ति प्रदान की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कम अंक वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के साथ संगम में डुबकी लगाई

## प्रयागराज एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल तथा उनके सहयोगियों का भावपूर्ण स्वागत हुआ

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।**
- **राजस्थान के मंत्री व विधायक मुख्यमंत्री के साथ राजस्थान मंडप भी गए। राज्य सरकार ने राजस्थान से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राजस्थान मंडप में निःशुल्क आवास, भोजन व चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराई हैं।**

प्रयागराज/जयपुर, 8 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाकुंभ-2025 के अवसर पर शनिवार (एकादशी) को मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों एवं विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा, मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद व विधायक संगम स्थल पहुंचे, जहां से बोट द्वारा त्रिवेणी घाट पहुंच कर उन्होंने संगम में डुबकी लगाकर स्नान किया व जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। यह हमारी संस्कृति और संत, ऋषि व मुनियों की विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उनके नेतृत्व में विरासत का संरक्षण हो रहा है। विश्व का हर व्यक्ति महाकुंभ में आने के लिए लालायित हैं। शर्मा ने महाकुंभ की सुनियोजित व्यवस्थाओं के लिए केन्द्र सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार विकास के पथ पर विरासत संरक्षण के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिगण, सांसदगण, विधायकगण सहित गणमान्यजन उपस्थित रहें।

## भाजपा ने भारी अंतर से मिल्कीपुर सीट जीती

अयोध्या, 08 फरवरी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने करीब 61639 वोटों से जीत हासिल की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चन्द्रभानु पासवान ने मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से करीब 145893 वोट प्राप्त किये हैं जबकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने 84254 वोट हासिल किया है। आजाद समाज पार्टी को 5439 वोट तथा अन्य को 6755 वोट मिले हैं। कुल टोटल वोट 242341 प्राप्त हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी कार्यालय में जश्न मनाते हुए भाजपा के नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत हुई है। अब मिल्कीपुर विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी, जिसको कोई रोक नहीं सकता है। कार्यालय में ढोल-नगाड़े बजने शुरू हो गये हैं और होली जैसा माहौल दिखायी पड़ रहा है।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहित कई नेता कार्यालय में जश्न मनाने में व्यस्त हैं।

## नाबालिग चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले को बीस साल की सजा

- **पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अभियुक्त पर 80 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया।**

जयपुर, 8 फरवरी। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने रिश्ते में चचेरी बहन लगने वाली नाबालिग पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने 22 वर्षीय इस अभियुक्त पर 80 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजेश श्योराण ने अदालत को बताया कि 3 सितंबर, 2023 को 17 वर्षीय पीड़िता ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि वह नवंबर, 2020 में अपने भाई की शादी में गई थी। जहां उसकी ताई का लडका भी आया था। इस दौरान उसकी तबीयत खराब होने की वजह से वह दवा लेकर सो गई थी। तभी अभियुक्त ने दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिए। इसके बाद साल 2021 में वह उसे आगरा घुमाने ले गया और वहां भी दुष्कर्म किया। वहां से आकर वह उसे मंदिर ले गया और शादी कर ली। इसके बाद कुछ दिनों तक साथ रहने के बाद अभियुक्त की शादी हो गई। अभियुक्त ने इसके बाद भी समय-समय पर उसके साथ जबरन संबंध बनाए। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीडिता के परिवार ने उसके हिस्से की गांव की जमीन पर कब्जा कर रखा था। जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच विवाद था। इसके चलते उसे प्रकरण में फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## 'जीएडी की अनुमति के बिना कोई दस्तावेज, कम्प्यूटर बाहर नहीं जायेगा'

- **मतगणना के बीच दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों पर इस रोक के आदेश जारी हुए।**

नयी दिल्ली, 08 फरवरी। दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में पत्रावलियों, दस्तावेजों, कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों को कार्यालय से बाहर ले जाने पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच जारी एक आदेश में कहा गया है कि यह आदेश सचिवालय के कार्यालयों और मंत्रियों के कैंप आफिस तथा कैंप आफिस के प्रभारियों के कार्यालय पर भी लागू होंगे।

दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है, दस्तावेजों की सुरक्षा की चिंता को देखते हुए यह आवश्यकता है कि दिल्ली सचिवालय परिसर से जीएडी की अनुमति के बगैर कोई पत्रावली/दसतावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर इत्यादि को बाहर न ले जाया जाए।

पत्र में कहा गया है कि सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी इस आदेश के अनुपालन के संबंध में सभी शाखा कार्यालय प्रभारियों, विभागों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

गौरतलब है कि 70 सदस्यीय विधानसभा की मतगणना में दिल्ली में सत्ता परिवर्तन की संभावना दिख रही है और भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुत मिलने के आसार हैं।

## ममता बनर्जी को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नए नेतृत्व के तहत फिर से संगठित होना होगा, या फिर विलुप्ति का सामना करना होगा।

इस स्थिति में, ममता बनर्जी के पास राष्ट्रीय विपक्ष का एक प्रमुख केन्द्र बनने का अवसर होगा। लेकिन उनकी सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वे केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित हैं और राज्य के बाहर एक भी सीट नहीं जीत पाई हैं। वे त्रिपुरा में भी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही हैं, जिसे बंगाल का हिस्सा माना जाता है।

लेकिन यह भी संदेह बना हुआ है कि ममता बनर्जी भाजपा की मेहरबानी से जीवित हैं, क्योंकि केन्द्रीय जांच एजेंसियों के पास उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं, जो उन्हें गिरा सकते हैं। उनकी कमजोर कड़ी उनका भतीजा, अभिषेक बनर्जी है, जो बड़े घोटालों में शामिल होने के कारण निशाने पर है। यहीं पर मुद्दा फंसा हुआ है। दिल्ली चुनावों ने यह साबित कर दिया है कि घोटालों और बड़े पैमाने पर अनियमितताओं में शामिल लोगों को वोटर कड़ी सजा दे सकते हैं। और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ कई घोटाले हैं। तथापि, राज्य में भाजपा इन घोटालों का सही तरीके से फायदा नहीं उठा पाई।

पिछली बार चुनावों में हारने के बाद, भाजपा अब बंगाल में दिल्ली की जीत को इस तरह मना रही है, जैसे वो बंगाल में जीती हो। पार्टी कार्यकर्ता राज्य भर के जिलों में केसरिया "अबीर" से जीत का जश्न मना रहे हैं।

भाजपा उत्साहित है कि अगर पार्टी 27 साल बाद दिल्ली में वापसी कर सकती है, तो वह बंगाल में भी अपनी किस्मत बदल सकती है और अगले राज्य विधानसभा चुनाव में सत्ता में आ सकती है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी भी अगली बार ममता बनर्जी को उनकी अपराजेय स्थिति से उखाड़ फेंकने की बात कर रही है। तथापि, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कभी बंगाल में स्वतंत्र चुनाव होंगे। तृणमूल कांग्रेस ने प्रशासन और विशेष रुप से बंगाल में पुलिस पर पूरा संस्थागत कब्जा कर लिया है। परिणाम यह हुआ है कि पुलिस सक्रिय रुप से तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोगों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने से रोकती है और टी.एम.सी. कार्यकर्ताओं को उनकी जगह मतदान करने देती है।

भाजपा की जोरदार खुशियों और अन्य विपक्षी दलों द्वारा दिल्ली में भाजपा की जीत के स्वागत ने ममता को चुप कर दिया है। उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उनकी पार्टी के प्रवक्ता केवल यही कह रहे हैं कि दिल्ली की जीत बंगाल से अलग है।

## चुनाव प्रचार के बीच में केजरीवाल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिली है, जो हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी की जीत के बाद बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी का जादू, जो पिछले साल मई-जून के लोकसभा चुनावों के बाद उस समय मंदा पड़ता हुआ दिखा था, जब पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाई थी, अब फिर से पार्टी के लिए चमत्कारी साबित हो रहा है।

यह बात बिल्कुल स्पष्ट थी कि भाजपा पूरी तरह से "मोदी की गारंटी" पर निर्भर है। दिल्ली चुनावों में पार्टी ने अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम भी नहीं दिया और केवल प्रधानमंत्री को अपने चेहरे के रुप में पेश किया। इसने चुनावी मुकाबले को वास्तव में पीएम मोदी और केजरीवाल के बीच सीधा मुकाबला बना दिया। इस तरह, यह मुकाबला स्पष्ट रुप से भाजपा के पक्ष में एकतरफा साबित हुआ।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में कई रैलियां कीं, आप को "आप-दा" (विपत्ति) कहकर और 10 वर्षों के "गलत शासन" के लिए पार्टी की तीखी आलोचना करके। भाजपा के शीर्ष नेता, जिनमें अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह थे, ने भ्रष्टाचार मुद्दे पर आप के खिलाफ जोरदार हमला किया, क्योंकि केजरीवाल ने अपनी पार्टी की शुरुआत साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के वादे के साथ की थी।

चुनाव के परिणाम से स्पष्ट रुप से यह संकेत मिलता है कि दिल्ली के कुछ झुग्गी -झोपड़ी क्षेत्रों में भी आप के खिलाफ एक मजबूत लहर थी, क्योंकि पार्टी अपने वादों को पूरा करने में विफल रही, जैसे साफ पानी, हवा प्रदूषण को नियंत्रित करना और यमुना की सफाई आदि। इसके अलावा, शराब नीति घोटाला और केजरीवाल का "शीश महल", जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने का आरोप था, ने आप के पतन की शुरुआत की। पार्टी ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया है।

केजरीवाल ने चुनाव अभियान के बीच में ही स्पष्ट रुप से महसूस कर लिया था कि लहर उनके खिलाफ मुड़ रही है, इसलिए उन्होंने अपने कोर वोटर को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन घोषणाएं कीं, जिससे भाजपा को भी "रेवड़ियों" की घोषणआएं करनी पड़ीं। लेकिन केजरीवाल द्वारा घोषित और अधिक रेवड़ियों ने उन्हें दिल्ली के मजबूत मध्यवर्ग से और दूर कर दिया, जिसने पिछले दो विधानसभा चुनावों में आप का जोरदार समर्थन किया था, जबकि, लोकसभा चुनावों में भगवा पार्टी को अपना समर्थन दिया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट में घोषित आयकर राहत ने भाजपा को मध्यमवर्ग के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने में बहुत मदद की।

आप के शीर्ष नेता, जिनमें राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और सत्येन्द्र जैन शामिल हैं, चुनाव हार गए हैं। केजरीवाल हाई प्रोफाइल न्यू दिल्ली सीट पर भाजपा के परवेश साहिब सिंह वर्मा से 4,089 वोटों के अंतर से हार गए। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा में भाजपा के तरविंदर सिंह मारवाह से 675 वोटों से हार स्वीकार की।

## भजनलाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

1024 वोटों से विजयी हुए है। मुंडका से गजेन्द्र द्राल भी 10 हजार से अधिक मतों से जीते।

## कांग्रेस ने ग्यारह सीटों पर आप...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गये होते।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा आप के दूसरे नम्बर के नेता मनीष सिसोदिया जंगपुरा सीट से भाजपा के तरविन्दर सिंह मारवाह से 675 वोटों के अन्तर से हार गये हैं। अगर आप प्रत्याशियों और उन्हें मिले वाटों की तालिका देखें, तो पायेंगे कि कांग्रेस के फरहद सूरी को 7,350 वोट मिले हैं। गठबन्धन की स्थिति में, इन वोटों का सिसोदिया को मिलना सम्भावित था तथा उनकी आसान जीत सुनिश्चित हो गई होती।

दक्षिण दिल्ली की ग्रेटर कैलाश सीट आप की सुरक्षित सीट मानी जा रही थी तथा बहुत से लोगों को आशा थी कि तीन बार विधायक तथा मन्त्री रहे सौरभ भारद्वाज आसानी से जीत जायेंगे। लेकिन भाजपा की शिखा रॉय ने भारद्वाज को 3,188 वाटों के अन्तर से हरा दिया। इस सीट पर, कांग्रेस के गर्वित सिंह को 6,711 वोट मिले अगर गठबन्धन होता, तो यह सम्भव था कि भारद्वाज जीत जाते।

यही कहानी मालवीय नगर सीट पर सामने आई है, जहाँ भाजपा के सतीश उपाध्याय ने तीन बार विधायक रहे सोमनाथ भारती को 2,131 वोटों से हरा दिया। इस सीट पर, कांग्रेस के जितेन्द्र कुमार कोचर को 6,770 वोट मिले। जाहिर है कि इनके कारण ही, आप प्रत्याशी का खेल बिगड़ा।

बादली सीट पर, भाजपा के अहीर दीपल चौधरी ने आप के अजेश यादव को 15,163 वोटों से हराया है। इस सीट पर कांग्रेस के देवेन्द्र यादच को 41,071 वोट मिले हैं। अगर गठबंधन हो गया होता, तो आप इस सीट पर बहुत आसानी से जीत गई होती।

तिमारपुर सीट पर, भाजपा के सूर्य प्रकाश खत्री ने आप के सुरिन्दर पाल सिंह को 1,168 वोटों के मामूली अंतर से हराया है। इस सीट पर, कांग्रेस के लोकेन्द्र कल्याण सिंह को 8,361 वोट मिले हैं। इसका लाभ भाजपा को ही मिला है।

नांगलोई जाट सीट पर, भाजपा के मनोज कुमार शौकीन, आप प्रत्याशी रघुविन्दर शौकीन को 26,251 वोटों से हराकर, जीते हैं, जबकि कांग्रेस के रोहित चौधरी को 32,028 वोट मिले हैं। गठबंधन की स्थिति में ये वोट आप प्रत्याशी को ही मिलते।

राजेन्द्र नगर सीट से, वरिष्ठ आप नेता दुर्गेश पाठक, भाजपा की उमंग बजाज से 1,231 वोटों से हार गये। कांग्रेस के विनीत यादव को यहाँ से 4,105 वोट मिले हैं, जिनका नुकसान आप को हुआ है।

दक्षिण दिल्ली की छतरपुर सीट पर, भाजपा के कर्तार सिंह तँवर ने आप के ब्रह्म सिंह तँवर को 6,239 वोटों से हराया है। कांग्रेस के राजेन्द्र सिंह तँवर को यहाँ 6,601 वोट मिले हैं, जो हार के अंतर से ज्यादा हैं। इससे भाजपा को लाभ मिला है।

संगम विहार सीट भाजपा के चन्दन कुमार चौधरी ने राजधानी में सबसे कम अन्तर से जीती है। उन्होंने आप के दिनेश मोहनिया को मात्र 344 वोटों से हराया है, जबकि इस सीट पर कांग्रेस के हर्ष चौधरी को 15,863 वोट मिले हैं तथा उनके कारण, आप का सारा खेल बिगड़ गया है।

पूर्व दिल्ली की त्रिलोकपुरी सीट पर, भाजपा के रविकान्त ने आप प्रत्याशी अंजना पार्चा को मात्र 392 वोटों से हराया है। कांग्रेस के अमरदीप, जिन्हें 6,147 वोट मिले हैं, ने साफ तौर पर आप का खेल बिगाड़ा है।

कांग्रेस ने केवल 6 प्रतिशत वोट पाकर, आम आदमी पार्टी को सत्ता से दूर कर दिया और यह सुनिश्चित कर दिया कि उसकी करारी हार हो।

## कौन बनेगा दिल्ली का नया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **भाजपा के दिल्ली के प्रमुख वीरेन्द्र सचदेव भी काफी चर्चा में रहे हैं, जब से उन्होंने यमुना में भारी प्रदूषण को उजागर करने के लिये, यमुना में डुबकी लगाई थी और बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हुए थे।**
- **अरविंद सिंह लवली, जो चुनाव से पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए थे, कांग्रेस छोड़कर, भी पुराने राजनीतिज्ञ हैं दिल्ली के तथा मु.मंत्री बनने की रेस में हैं।**
- **कैलाश गहलोत भी चुनाव से पूर्व आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तथा केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री थे, भी अपने राजनीतिक अनुभव के कारण मु.मंत्री पद के उम्मीदवार बन सकते हैं।**

आया है। चुनाव आयोग ने बताया है कि भाजपा कुल 70 में से 45 सीटों पर आगे चल रही है तथा आप 25 विधानसभा क्षेत्रों में आगे है। इस त्रिकोणीय संघर्ष में, कांग्रेस भी एक प्रमुख खिलाड़ी रही।

और अब हम दिल्ली में मुख्यमंत्री पद के भाजपा के संभावित दावेदारों के बारे में विचार करते हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रमुख अरविन्द केजरीवाल को 4,000 से अधिक वोटों से हराया है। नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा की उम्मीदवारी तथा संभावित जीत बहुत महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि यह विधानसभा क्षेत्र पिछले छः विधानसभा चुनावों से राजधानी को अपना मुख्यमंत्री देती रही है। ज्ञातव्य है कि 1998, 2003 तथा 2008 में इस सीट से शीला दीक्षित तथा 2013, 2015 और 2020 में इस सीट से अरविन्द केजरीवाल की जीत हुई और वे मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुये।

इससे पहले, प्रवेश वर्मा 2014 और 2019 में पश्चिम दिल्ली सीट से लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। वे "जॉइंट कमेटी ऑफ सैलरीज़ एंड अलाउन्सेज़ ऑफ मैम्बर्स ऑफ पार्लियामैंट" तथा स्टैंडिंग कमेटी ऑन अरबन डवलपमैंट के सदस्य भी रह चुके हैं।

दिल्ली विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता रोहिणी विधानसभा सीट से तीसरी बार चुनाव जीते हैं। उन्होंने आप के प्रदीप मित्तल को लगभग 37,000 वोटों के अंतर से हराया है। भाजपा के पुराने नेता विजेन्द्र गुप्ता तभी से पार्टी से जुड़े हुये हैं, जब वे दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। पार्टी कार्यकर्ता के स्तर से उठकर यहाँ तक पहुँचे विजेन्द्र गुप्ता ने चुनावी सफलता का पहला स्वाद उस समय चखा था, जब वे राहिणी से म्यूनिसिपल चुनाव जीते थे। उन्होंने 2013 में नई दिल्ली सीट से केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन वे शीला दीक्षित से पिछड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। विजेन्द्र गुप्ता इसके कुछ समय बाद, 2015 में हुये विधानसभा चुनावों में रोहिणी सीट से विधायक चुने गये। उन्होंने 2020 में भी इसी सीट पर जीत हासिल की।

2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अन्य दलों से भाजपा में आये लोगों को भी विजयश्री मिली है। ऐसे ही एक नेता, कैलाश गहलोत, जिन्हें दिल्लीवासी, दिल्ली मंत्रिमंडल के पूर्व मंत्री के रूप में जानते हैं, क्योंकि नवम्बर, 2024 में आम आदमी पार्टी छोड़ने से पहले, वे आप सरकार में मंत्री थे। जब आम आदमी पार्टी छोड़ने के तुरंत बाद, वे भाजपा में शामिल हुये, तो पार्टी नेता मनोहर लाल ने उन्हें प्रतिष्ठित जाट-चेहरा बताया था तथा कहा था कि उनकी मौजूदगी से "पार्टी को निश्चित रूप से लाभ होगा।" गहलोत ने बिजवासन सीट से आप के सुरेन्द्र भारद्वाज को 8,000 से अधिक वोटों से हराया है। वे सबसे पहले, 2015 में नज़फगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गये थे तथा इसके बाद हुये 2020 के चुनावों में भी उन्होंने इस सीट को बरकरार रखा था। केजरीवाल के मुख्यमंत्रित्व काल में, गहलोत के पास परिवहन एवं पर्यावरण मंत्रालय थे।

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली, जो 2024 में भाजपा में शामिल हो गये थे, गांधी नगर सीट से आप प्रत्याशी नवीन चौधरी को 12,748 वोटों से हराकर चुनाव जीत गये हैं। लवली, दिल्ली की राजनीति का एक प्रतिष्ठित चेहरा रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनैतिक यात्रा दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-नेता के रूप में शुरु की थीं वे 1998 में गांधी नगर सीट से विधानसभा चुनाव जीते थे तथा 2013 तक, वह विधानसभा क्षेत्र इनका गढ़ बना रहा। शीला दीक्षित के मुख्यमंत्रित्व काल में, लवली विभिन्न कैबिनेट पदों पर रहे। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों से पहले कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्होंने कांग्रेस पर आप के साथ गठबंधन तथा "बाहरी व्यक्तियों को उम्मीदवार बनाने के आरोप लगाये थे।

उत्तर-पूर्व दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिये संभावित चयन हो सकते हैं। हालाँकि, उन्होंने विधानसभा चनुाव नहीं लड़ा है, लेकिन तिवारी की प्रोफाइल भविष्य में भाजपा के लिये लाभदायक हो सकती है। पूर्वांचल के जनाधार के बीच उनकी लोकप्रियता तथा अच्छे-खासे प्रभाव के चलते, वे चुनावों के एक प्रमुख स्टार-प्रचारक थे। तिवारी इसलिये भी भाजपा के लिये मददगार साबित हो सकते हैं क्योंकि भाजपा की नज़रें इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों पर लगी है।

एक अन्य संभावित दावेदार, भाजपा प्रमुख वीरेन्द्र सचदेव हैं, जिनके हाल ही में, अस्पताल में भर्ती होने के समाचार आये थे। दरअसल, उन्होंने जबरदस्त प्रदूषित यमुना नदी को छठ-पूजा से पहले साफ कराने में दिल्ली सरकार की कथित असफलता को उजागर करने के लिये, यमुना में स्नान किया था। वीरेन्द्र सचदेव भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख बनने वाले पंजाबी समुदाय के दूसरे नेता हैं। इनसे 2010 में ओ.पी. कोहली दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं।

## अदालत के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को बताया कि, याचिकाकर्ता दंत चिकित्सा की वरिष्ठ प्रोफेसर पद पर कार्यरत है। विभाग ने 13 सितंबर, 2024 को एक आदेश जारी कर साठ साल होने का हवाला देते हुए उसकी सेवानिवृत्ति आयु 31 जनवरी, 2025 तय कर दी। इस आदेश को पूर्व में अदालत में याचिका दायर कर चुनौती देते हुए कहा गया कि राज्य सरकार की 30 मार्च, 2018 की अधिसूचना के तहत वह 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने की अधिकारी है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 20 नवंबर को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को पद पर बनाए रखने के आदेश दिए थे। याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश के बावजूद उसे सेवा में नहीं रखा गया। याचिकाकर्ता ने फरवरी माह में कार्यभार संभालने के लिए उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर किए तो उसे लाल स्याही से काट दिया गया। ऐसे में अदालती आदेश की अवमानना करने वाले अफसरों को दंडित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

'राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600